

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, मंगलवार 18 अगस्त 2026 ■ श्रावण शुक्ल पक्ष-6 ■ वर्ष -42 ■ अंक-140 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 19 अगस्त 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## सड़क हादसे में दो युवकों की मौत

**कटघोरा, 18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के कोरबा में सोमवार रात दर्दनाक हादसा हुआ है, जहां ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार दो युवकों की मौत हो गई। घटना से इलाके में शोक की लहर है और गुस्साई भीड़ ने चक्काजाम कर दिया। यह घटना बांकीमोंगरा चांदनी चौक के पास सोमवार रात को हुई है। बताया जा रहा है कि बाइक सवार दो युवकों को ट्रेलर ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों की ट्रेलर के नीचे आकर मौत हो गई। हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क पर शव रखकर चक्काजाम कर दिया, जिससे रोंगा-बांकीमोंगरा मार्ग पर घंटों आवाजाही ठप रही। चक्काजाम की सूचना मिलते ही नायब तहसीलदार अमरदीप आंचल और बांकीमोंगरा थाना प्रभारी जितेंद्र यादव अपने स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने-बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान ग्रामीणों ने सड़क पर तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण और चांदनी चौक पर स्पीड ब्रेकर लगाने की मांग की है।

## मजदूरों से भरी गाड़ी पलटी, 8 की मौत

**भोपाल, 18 अगस्त।** राष्ट्रीय राजमार्ग-79 पर मजदूरों से भरा लोडिंग वाहन सामने से आ रहे ट्रक से टकराकर पलट गया। हादसे में 8 लोगों की मौत की जानकारी है, जबकि करीब 25 मजदूर घायल हुए हैं। हादसा रात करीब 12 बजे छमका के पास हुआ। ये मजदूर धान की रोपाई के लिए डबरा क्षेत्र के चनोर इलाके में आए थे और काम खत्म कर घर लौट रहे थे। टक्कर के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। पुलिस और राहगीरों ने वाहन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। घायलों को जय आरोग्य अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर समेत अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। पुलिस ने ट्रक को पकड़ लिया है। मृतकों में कुछ की पहचान अभी बाकी है और पुलिस परिजनों से संपर्क करने में जुटी है।

## भाजपा में कोई पद छोटा या बड़ा नहीं होता : जायसवाल

**रायपुर, 18 अगस्त।** भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में छत्तीसगढ़ के दिग्गज नेताओं को नजरअंदाज करने वाले कांग्रेस के आरोप पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने पलटवार किया है. मंत्री जायसवाल ने कहा कि भाजपा कांग्रेस की तरह नहीं है. भाजपा में कोई पद बड़ा या छोटा नहीं होता है. कांग्रेस हर वक्त उपेक्षा करने में लगी रहती है, इसलिए उन्हें हर जगह यही नजर आता है. मंत्री जायसवाल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन का आभार जताते हुए कहा कि सासंद रूप कुमारी चौधरी को राष्ट्रीय महिला मोर्चा का अध्यक्ष और दीपक म्हस्के को सोशल मीडिया का प्रभारी बनाकर उन्होंने छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाया है. रायपुर जिले के नकटी गांव में बीते दिनों हुई प्रशासनिक कार्रवाई के बाद कांग्रेस लगातार प्रदर्शन कर रही है. अब वह विधायक अनुज शर्मा और सांसद बृजमोहन अग्रवाल के बंगले के घेराव की तैयारी में है.

## ऋषभ पंत ने टेस्ट में 100वां छक्का लगाकर रचा इतिहास



**नई दिल्ली, 18 अगस्त।** भारत के स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने मंगलवार को इतिहास रच डाला। वह टेस्ट क्रिकेट में 100 छक्के जड़ने वाले पहले भारतीय और पहले एशियन प्लेयर बन गए हैं। उन्होंने गॉल में श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन ऐसा किया। पंत ने 37वें ओवर में लाहिरु कुमार द्वारा डाले गए 37वें ओवर की चौथी गेंद पर फाइन लेग की दिशा में हवाई फायर किया और सिक्स का सैकड़ा पूरा किया। यह उनका 51वां टेस्ट मैच है। पंत टेस्ट में सबसे कम पारियों में 100 सिक्स कंप्लीट करने वाले क्रिकेटर बन गए हैं। उन्होंने इस मामले में एडम गिलक्रिस्ट का रिकॉर्ड ध्वस्त किया। पंत ने जहां 89 पारियों में ऐसा किया तो वहीं ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विकेटकीपर ने 130 पारियों में उपलब्धि हासिल की थी। 28 वर्षीय पंत टेस्ट इतिहास में 100 या उससे अधिक जड़ने वाले चौथे प्लेयर हैं। उनसे पहले यह कारनामा गिलक्रिस्ट, न्यूजीलैंड के पूर्ल दिग्गज ब्रेंडन मैकुलम और इंग्लैंड के पूर्व धाकड़ ऑलराउंडर बेन स्टोक्स ने अंजाम दिया। स्टोक्स ने 122 टेस्ट में 128 सिक्स उड़ाए। उन्होंने इसी साल जून में इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहा। मैकलुम ने 101 टेस्ट में 107 छक्का जमाए। गिलक्रिस्ट ने 96 टेस्ट मुकाबलों में 100 छक्के उड़ाए।

## सीजेआई की जगह सीएस प्रमेश मुख्य अतिथि

**मुंबई, 18 अगस्त।** टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज के 86वें दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि बदल दिए गए हैं। पहले भारत के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत को चीफ गेस्ट बनाया गया था, लेकिन अब उनकी जगह टाटा मेमोरियल हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. सीएस प्रमेश कार्यक्रम के मुख्य अतिथि होंगे। दीक्षांत समारोह 22 अगस्त को होना है। इससे पहले सीजेआई सूर्यकांत को छात्रों को संबोधित करना था। उनका नाम ऐसे समय हटाया गया है, जब NALSAR यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ में उनके दीक्षांत समारोह में शामिल होने को लेकर छात्रों के विरोध का मामला चर्चा में रहा है। NALSAR में पहले करीब 70 छात्रों ने आपत्ति जताई थी, बाद में विरोध करने वाले छात्रों की संख्या 450 से ज्यादा हो गई थी। इसी विवाद के दौरान BCI के एक आदेश को लेकर मामला सुप्रीम कोर्ट भी पहुंचा था। TISS का दीक्षांत समारोह पहले 2 अगस्त को होना था, लेकिन संस्थान ने इसे 'अप्रत्याशित परिस्थितियों' का हवाला देते हुए स्थगित कर दिया था। हालांकि TISS ने समारोह स्थगित करने या मुख्य अतिथि बदलने को किसी विरोध से सीधे तौर पर नहीं जोड़ा है।



## 31एलबी शिक्षकों की याचिका हाईकोर्ट ने की खारिज

**बिलासपुर, 18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल की डिवीजन बेंच ने शिक्षा कर्मी से नियमित सरकारी सेवा में आए कर्मचारियों की पूर्व सेवा को पेंशन लाभ के लिए गिने जाने के मुद्दे पर दायर 31 शिक्षकों की रिट अपील खारिज कर दी है। याचिका की सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने कहा कि इस मामले का विवाद पहले ही राज्य बनाम राजेंद्र प्रसाद पटेल की याचिका में तय हो चुका है। मौजूदा मामले के तथ्य और कानूनी मुद्दा समान होने के कारण अलग दृष्टिकोण अपनाने का कोई आधार नहीं है। मामले में जनजीर-चांपा जिले में पदस्थ शिक्षक और व्याख्याता शामिल हैं। उन्होंने एकल पीठ के 23 जनवरी 2026 के आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों ने स्वीकार किया कि पेंशन के लिए शिक्षाकर्मी के रूप में दी गई पूर्व सेवा की गणना से संबंधित यही मुद्दा पहले



डिवीजन बेंच के समक्ष आ चुका है। डिवीजन बेंच ने 23 अप्रैल 2026 के राजेंद्र प्रसाद पटेल की याचिका में दिए गए फैसले का हवाला देते हुए कहा है, पूर्व में शिक्षाकर्मी रहे और बाद में नियमित सरकारी सेवा में समाहित कर्मचारियों की प्री-अब्जॉर्प्शन सेवा को पेंशन के लिए किस सीमा तक गिना जाए, यह केवल व्यक्तिगत मामले का प्रश्न नहीं है। इसमें सेवा की निरंतरता, कार्य की प्रकृति, प्रशासनिक नियंत्रण और संविधान के अनुच्छेद 14 व 16 के तहत समानता जैसे पहलू जुड़े हैं। कोर्ट ने माना था कि यह व्यापक और नीतिगत विषय है, इसलिए सरकार को इस पर तर्कसंगत और नीतिगत निर्णय लेने का अवसर दिया जाना उचित है। कोर्ट ने कहा, सिंगल बेंच का निर्देश किसी कर्मचारी को सीधे पेंशन लाभ देने वाला आदेश नहीं था, बल्कि राज्य को पूरे मुद्दे पर निर्णय लेने के लिए कहा गया था। डिवीजन बेंच ने पहले के फैसले में कहा था कि न्यायालय ने न तो राज्य की मौजूदा नीति को बदलने का निर्देश दिया है और न ही किसी कर्मचारी को स्वतः लाभ प्रदान किया है।

## भारत के साथ मजबूत करेंगे रिश्ते: नूर

**नई दिल्ली, 18 अगस्त।** भारत में अफगानिस्तान के प्रभारी राजदूत नूर अहमद नूर ने सोमवार को कहा कि काबुल और नयी दिल्ली के बीच मजबूत राजनीतिक भरोसा, आर्थिक साझेदारी और संबंधों की निरंतरता से न केवल दोनों देशों को लाभ होगा बल्कि इससे क्षेत्रीय स्थिरता और समृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा। नूर ने यह टिप्पणी दिल्ली स्थित अफगानिस्तान के दूतावास में 'विक्ट्री डे' यानी 15 अगस्त 2021 को काबुल में तालिबान की सत्ता में वापसी की पांचवीं सालगिरह मनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए की।

## चुनावी केस वापस लेने के लिए हाईकोर्ट की मंजूरी जरूरी: सुको

नई दिल्ली, 18 अगस्त। चुनाव के दौरान गलत तरीके अपनाने वाले उम्मीदवारों पर दर्ज आपराधिक केस अब सिर्फ सरकार बदलने से वापस नहीं लिए जा सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि ऐसे मामलों को वापस लेने के लिए संबंधित हाई कोर्ट की मंजूरी जरूरी होगी। कोर्ट ने कहा कि यह नियम उम्मीदवारों पर भी उसी तरह लागू होना चाहिए, जैसे मौजूदा सांसदों और विधायकों से जुड़े मामलों में लागू है। यानी राजनीतिक सत्ता बदलने के बाद किसी उम्मीदवार को पुराने मुकदमे से आसानी से राहत नहीं मिलेगी। सुप्रीम कोर्ट ने चुनावी राजनीति में काले धन के इस्तेमाल पर भी चिंता जताई। कोर्ट के निर्देश के मुताबिक, चुनाव के दौरान 10 लाख रुपये से ज्यादा नकद मिलने पर इनकम टैक्स विभाग को कार्रवाई के लिए सक्रिय किया जाएगा।

## फांसी की जगह मौत का इंजेक्शन देने की मांग वाली याचिका खारिज

**नई दिल्ली, 18 अगस्त।** मौत की सजा दिए जाने के लिए फांसी की जगह कम दर्दनाक और अधिक मानवीय तरीकों जैसे लीथल इंजेक्शन को अपनाने की मांग करने वाली जनहित याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस संदीप मेहता की बेंच ने साफ किया कि फिलहाल देश में फांसी के जरिए ही मृत्युदंड देने की व्यवस्था संवैधानिक रूप से वैध और प्रभावी रहेगी। सर्वोच्च अदालत ने इस मामले से जुड़े तीन पुराने फैसलों (दीना बनाम भारत संघ) को बड़ी बेंच के पास भेजने की मांग को भी यह कहते हुए ठुकरा दिया कि इसके लिए कोई ठोस आधार नहीं है। सीनियर वकील ऋषि मल्होत्रा द्वारा दायर की गई इस जनहित याचिका में दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC) की धारा 354(5) अब BNSS की धारा 393(5) की संवैधानिकता को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता का तर्क था कि फांसी के जरिए मृत्युदंड देना बेहद दर्दनाक, क्रूर और अमानवीय है। संविधान के अनुच्छेद 21 (जीवन का अधिकार) के तहत सम्मानजनक मौत का अधिकार भी शामिल होना चाहिए। याचिका में कहा गया था कि फांसी के बाद किसी कैदी को मृत घोषित करने में लगभग 40 मिनट लग जाते हैं। इसके विपरीत गोली मारने, जहरीला इंजेक्शन, इलेक्ट्रॉक्यूशन या गैस चैंबर जैसे तरीकों से 5 मिनट के भीतर व्यक्ति की मौत हो जाती है। याचिका में संयुक्त राष्ट्र (UN) के प्रस्ताव का हवाला दिया गया था, जिसमें कहा गया है कि जहां मृत्युदंड लागू है, वहां उसे न्यूनतम कष्ट देने वाले तरीके से अंजाम दिया जाना चाहिए। अदालत ने अपने फैसले में यह साफ कर दिया कि उसका यह निर्णय भविष्य के वैज्ञानिक और मेडिकल अध्ययनों के रास्ते बंद नहीं करता।

## रेलवे पटरी पर युवक की मिली लाश

**रायपुर, 18 अगस्त।** राजधानी रायपुर के गोगांव अडंरब्रिज के ऊपर रेलवे ट्रैक पर सुबह-सुबह युवक की संदिग्ध लाश मिली है. मृतक की पहचान छोटा अशोकानगर निवासी 19 वर्षीय प्रीतम साहू के रूप में हुई है. वह नड्डा बेचने का काम करता था. यह घटना शव पर चोटें संदिग्ध मिलने के बाद और भी ज्यादा सनसनीखेज हो गई है. शुरुआती पुलिस जांच में हत्या के बाद शव फेंकने की बात सामने आ रही है. मामला गुढ़ियारी थाना इलाके का है. जानकारी के मुताबिक, सोमवार सुबह करीब 7 बजे पुलिस को सूचना मिली की गोगांव में रेलवे ट्रैक पर प्रतीम साहू पिता शिवुकमार साहू का शव पड़ा है. मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की. ट्रेन की चपेट में आने से पैर के चिथड़े उड़ गए थे. शव पर चोटों के निशान संदेहजनक मिलने पर फोरेंसिक टीम को बुलाया गया. घटनास्थल की बारीकी से जांच कर महत्वपूर्ण साक्ष्य बरामद किए गए. वहीं शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया. इस घटना से एक और इलाके में हड़कंप मच गया है, वहीं दूसरी तरफ शव पर मिले संदिग्ध चोटें हत्या की ओर इशारा कर रही है. पुलिस हर संभावित एंगल से जांच शुरू कर दी है. गोगांव और अशोकनगर के कई युवकों से पूछताछ जारी है. पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है. बताया जा रहा है कि युवक रविवार सुबह घर से निकला था. जुआ खेलने के दौरान पैसों को लेकर विवाद हुआ था. इसी कारण युवक की हत्या कर दी गई. हालांकि वारदात के असल वजह तक पहुंचने और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने जांच तेज कर दी है.



## दो सरकारी कर्मियों के नाम पर 6 कंपनियों से 1.41 करोड़ का लोन

**बिलासपुर, 18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में लोन धोखाधड़ी के दो चौंकाने वाले मामले सामने आए हैं। दो सरकारी कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि निजी कंपनी के प्रत्यक्ष बिक्री एजेंटों ने उनके दस्तावेज और ओटीपी लेकर उनकी सहमति के बिना अलग-अलग वित्तीय संस्थाओं से कुल 1 करोड़ 41 लाख 51 हजार 680 रुपये के व्यक्तिगत ऋण स्वीकृत करा लिए। पहले मामले में सीआईएमएस में कार्यरत स्टाफ नर्स वर्षा बेक के नाम पर करीब 46.20 लाख रुपये के कई ऋण लिए जाने का आरोप है। उन्होंने बताया कि वह केवल 5.40 लाख रुपये का ऋण लेना चाहती थीं। ऋण प्रक्रिया के नाम पर उनसे आधार, पैन, वेतन पर्ची और ओटीपी लिए गए। आरोप है कि बाद में उनकी जानकारी के बिना कई ऋण स्वीकृत कराए गए। दूसरे मामले में बिलासपुर आयुर्वेदिक कॉलेज के कर्मचारी हरि लाल पोया के नाम पर छह वित्तीय संस्थाओं से 95.31 लाख रुपये का ऋण लिए जाने का दावा किया गया है।

## भर्ती घोटाले में ईडी का 21 ठिकानों पर छापा

**बेंगलुरू, 18 अगस्त।** कर्नाटक लोक सेवा आयोग की भर्ती प्रक्रिया में कथित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं को लेकर ईडी ने बड़ी कार्रवाई की है। दरअसल, मंगलवार को कर्नाटक और अहमदाबाद में 21 ठिकानों पर छापेमारी की. ये कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत की जा रही है. ईडी की कार्रवाई का मुख्य फोकस केपीएससी की वेटरिनरी ऑफिसर भर्ती से जुड़े कथित भ्रष्टाचार पर ही है. तलाशी के दायरे में केपीएससी का कार्यालय, निलंबित चेयरमैन शिवशंकरप्पा एस. साहूकार, केपीएससी सदस्य शांता होसमनी के परिसरों के अलावा कथित बिचौलियों के ठिकाने भी शामिल हैं. इसके अलावा परीक्षा की डिजिटल कॉपियां जांचने वाली एडुस्टेट सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के कार्यालय और कुछ चयनित उम्मीदवारों के परिसरों पर भी तलाशी ली जा रही है. मामला केपीएससी की ओर से 400 वेटरिनरी ऑफिसर पदों के लिए शुरू की गई भर्ती प्रक्रिया से जुड़ा है. इनमें 342 नियमित और 58 बैकलॉग पद शामिल थे. आरोप है कि कुछ कथित बिचौलियों ने उम्मीदवारों को सेलेक्शन लिस्ट में जगह दिलाने के नाम पर पैसे की मांग की. कुछ अभ्यर्थियों ने 80 लाख रुपये तक मांगे जाने का दावा किया है. हालांकि, ये आरोप अभी जांच के दायरे में हैं. जांच एजेंसी की तलाशी का उद्देश्य कथित भर्ती अनियमितताओं से जुड़े पैसे के लेन-देन, बिचौलियों की भूमिका और भर्ती प्रक्रिया में संभावित हेरफेर की कड़ियों का पता लगाना है.

## अर्जुन अवॉर्ड विजेताओं की सूची जारी

**नई दिल्ली, 18 अगस्त।** राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 की घोषणा कर दी गई है, जिसमें 17 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। युवा मामले और खेल मंत्रालय ने मंगलवार, 18 अगस्त को नेशनल स्पोर्ट्स अवार्ड्स 2025 की घोषणा की। 17 खिलाड़ियों को अर्जुन अवॉर्ड दिया जाएगा; इस लिस्ट में एक लाइफटाइम अर्जुन अवॉर्ड भी शामिल है, लेकिन मेजर ध्यानचंद खेल रत्न के लिए किसी भी खिलाड़ी को नहीं चुना गया।

खेल रत्न पाने वाले किसी खिलाड़ी का न होना पिछले साल से एक बड़ा बदलाव है, जब चार खिलाड़ियों को देश का सबसे बड़ा खेल सम्मान मिला था। केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्रालय ने विभिन्न खेल विधाओं में उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देते हुए राष्ट्रीय खेल पुरस्कार 2025 के विजेताओं की घोषणा की है। एथलीट तेजस्विन शंकर, शतरंज खिलाड़ी विदित गुजराती और दिव्या देशमुख, और बैडमिंटन जोड़ी गायत्री गोपीचंद और ट्रेसा जॉली को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए अर्जुन अवॉर्ड देने के लिए चुना गया है।

## भारत की चुनावी व्यवस्था पर ट्रंप फिदा

**वाशिंगटन, 18 अगस्त।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने मंगलवार को भारत की चुनाव प्रणाली की तारीफ की । साथ ही इंडिया की तरह ही अमेरिका में मतदाता पहचान पत्र (वोटर आईडी) अनिवार्य करने की जोरदार वकालत की। उन्होंने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार से हुई हालिया बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि भारत में हर मतदाता के पास वैध फोटो आईडी होना जरूरी है। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट करते हुए लिखा कि इस महीने की शुरुआत में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने हमारे प्रशासन से पूछा आप बिना वैध फोटो आईडी के अमेरिका में चुनाव कैसे करवा सकते हैं? आगे कहा कि उन्होंने भारत के पिछले आम चुनाव का जिक्र करते हुए कहा कि भारत के पिछले चुनाव में 64.6 करोड़ मतदाता थे, एक प्रतिशत से भी कम ने डाक से वोट डाला और हर मतदाता के पास वैध फोटो पहचान दस्तावेज होना जरूरी था। राष्ट्रपति ट्रंप ने कांग्रेस से 'सेव अमेरिका एक्ट' जल्द पास करने की अपील की। इस विधेयक का उद्देश्य अमेरिकी संघीय चुनावों में नागरिकता का प्रमाण और वैध पहचान पत्र अनिवार्य बनाना है, ताकि सिर्फ अमेरिकी नागरिक ही वोट डाल सकें। ट्रंप प्रशासन का कहना है कि भारत जैसी व्यवस्था अपनाने से चुनाव प्रक्रिया ज्यादा सुरक्षित और पारदर्शी बनेगी। उन्होंने भारत के विशाल लेकिन सुव्यवस्थित चुनाव तंत्र को मिसाल के तौर पर पेश किया। व्हाइट हाउस ने कहा कि भारत और ब्राजील जैसे देशों में मतदाता आईडी को बायोमेट्रिक डेटाबेस से जोड़ा जाता है, जबकि अमेरिका मुख्य रूप से नागरिकता के लिए स्व-घोषणा पर निर्भर करता है। ट्रंप प्रशासन का मानना है कि सख्त मतदाता-आईडी और नागरिकता संबंधी नियम चुनाव सुरक्षा को मजबूत करेंगे।



## कर्रानाला में बाढ़ से रपटा-पुलिया बहे, भोरमदेव मार्ग बंद

**कबीरधाम, 18 अगस्त।** जिले के वनांचल क्षेत्र में तेज बारिश के बाद बड़ौदा खुर्द के पास कर्रानाला में अचानक बाढ़ आ गई। तेज बहाव के कारण सहसपुर लोहारा-सरोदा बांध होते हुए भोरमदेव जाने वाले मार्ग की रपटा-पुलिया बह गई। सड़क का बीच का हिस्सा पूरी तरह टूट जाने से मार्ग पर आवाजाही बंद हो गई है। सावन के चलते भोरमदेव मंदिर जा रहे कांवड़ियों और श्रद्धालुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई कांवड़िए रास्ते में फंस गए और जान जोखिम में डालकर बाढ़ के पानी को पैदल पार करना पड़ा।

**2017-18 में स्वीकृत हुए थे 18 लाख रुपए**-ग्रामीणों के अनुसार कर्रानाला पर पक्की पुलिया निर्माण के लिए वर्ष 2017-18 में करीब 18 लाख रुपए स्वीकृत किए गए थे। इसके बावजूद आठ साल बीतने के बाद भी निर्माण नहीं हो सका। हर बारिश में रपटा डूबने और बहने से ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय पर पक्की पुलिया का निर्माण हो जाता तो हर साल रास्ता बंद होने की समस्या नहीं आती।

**बारिश में हर साल कट जाता है संपर्क**-सरोदा बांध से लगे केसदा गांव होते हुए बड़ौदा खुर्द जाने वाला यह मार्ग आसपास के गांवों के लिए महत्वपूर्ण है। कर्रानाला में पानी बढ़ते ही आवागमन प्रभावित हो जाता है। लगातार बारिश के कारण इस बार भी स्थिति गंभीर हो गई है। रपटा बहने से भोरमदेव जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी रास्ता जोखिम भरा हो गया है।

ग्रामीणों ने प्रशासन से रपटा स्थल पर तत्काल सुरक्षा व्यवस्था करने, आवागमन के लिए जरूरी वैकल्पिक इंतजाम करने और लंबे समय से लंबित पक्की पुलिया का निर्माण जल्द शुरू कराने की मांग की है।

भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह के पर्व रक्षाबंधन

# बहनों की राखी भाइयों तक सुरक्षित और समय पर पहुंचाने के लिए विशेष इंतजाम : वर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 अगस्त।** भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह के पर्व रक्षाबंधन को लेकर डाक विभाग ने भी विशेष तैयारी की है। दूर-दराज में रहने वाले भाइयों तक बहनों की राखी सुरक्षित और समय पर पहुंचाने के लिए डाक विभाग द्वारा विशेष पहल की जा रही है। इसके तहत राखियां भेजने के लिए विशेष लिफाफों की व्यवस्था की गई है, वहीं लोगों की सुविधा के लिए पीले रंग के विशेष पोस्ट बॉक्स भी लगाए गए हैं। डाक विभाग की इस पहल से बहनों के लिए अपने भाइयों तक प्यार और अपनत्व की डोर पहुंचाना और भी आसान हो गया है। शहर के जवाहर मार्केट उप डाकघर के उपडाकपाल आर.एल. वर्मा ने तरुण छत्तीसगढ़ को बताया कि रक्षाबंधन के पर्व के दौरान हर साल राखियों की डाक में



काफी बढ़ोतरी होती है। कई बहनें अपने भाइयों को राखी भेजने के लिए डाक सेवा का सहारा लेती हैं, विशेषकर तब जब भाई दूसरे शहर, राज्य या देश में रहते हों। ऐसे में राखियों



की अधिक संख्या को देखते हुए डाक विभाग विशेष व्यवस्था करता है, ताकि हर राखी अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंच सके। उन्होंने बताया कि राखी भेजने के लिए विशेष लिफाफों की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। इन लिफाफों को इस तरह तैयार किया गया है कि राखी को सुरक्षित रूप से रखकर भेजा जा सके। इसके अलावा रक्षाबंधन के अवसर पर पीले रंग के विशेष पोस्ट बॉक्स भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इन पोस्ट बॉक्स में राखी संबंधी डाक को आसानी से डाला जा सकता है, जिससे उनके संकलन और आगे की प्रक्रिया में भी सुविधा होती है। उपडाकपाल आर.एल. वर्मा के अनुसार, डाक विभाग का प्रयास है कि रक्षाबंधन के पावन पर्व पर किसी बहन की राखी अपने भाई तक पहुंचने में अनावश्यक देरी न हो। इसके लिए डाक के संकलन, छंटाई और वितरण की प्रक्रिया पर विशेष ध्यान दिया जाता है। लोगों से भी अपील की गई है कि वे राखी समय रहते डाक में डालें और लिफाफे पर प्राप्तकर्ता का पूरा और स्पष्ट पता तथा सही पिन कोड अवश्य लिखें, ताकि डाक को सही पते तक पहुंचाने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। आज के डिजिटल दौर में जहां शुभकामनाएं और संदेश मोबाइल के माध्यम से कुछ ही क्षणों में भेजे जा सकते हैं, वहीं राखी को डाक के जरिए भेजने की परंपरा आज भी लोगों की भावनाओं से जुड़ी हुई है। एक बहन द्वारा अपने हाथों से चुनी गई राखी और उसके साथ भेजा गया संदेश जब भाई तक पहुंचता है तो उसमें अपनापन और भावनाओं की एक अलग ही मिठास होती है। डाक विभाग की यह विशेष पहल उन परिवारों के लिए भी राहत भरी है, जिनके सदस्य रोजगार, शिक्षा या अन्य कारणों से अपने घरों से दूर रहते हैं। रक्षाबंधन के अवसर पर डाक विभाग न केवल राखी पहुंचाने का माध्यम बन रहा है, बल्कि भाई-बहन के रिश्ते की उस भावनात्मक डोर को भी मजबूत कर रहा है, जो दूरी के बावजूद दिलों को जोड़े रखती है।

## एक नजर

### नशीली दवा बिक्री,6 लोग गिरफ्तार



**भिलाई, 18 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई नशीली दवाओं के अवैध कारोबार का उतई पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ग्राम डुण्डेरा में एक नाबालिग समेत 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है उतई थाने पुलिस ने इनके कब्जे से 71 पत्तों में 1065 प्रतिबंधित नशीली टेबलेट अल्प्राजोलम और बिक्री से संबंधित 3500 रुपए नकद जब्त किए हैं उतई टीआई मोहन भारद्वाज ने बताया कि सूचना मिली थी कि गायत्री डुण्डेरा में केवेन्द्र पटेल उर्फ छोटा अपने साथियों के साथ नशीली टेबलेट की बिक्री कर रहा है थाना और एसीसीयू की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदेहियों को पकड़ा तलाशी के दौरान केवेन्द्र पटेल और एक नाबालिग के कब्जे से नशीली टेबलेट बरामद हुआ पूछताछ में आरोपियों ने टेबलेट मरोदा निवासी इब्राहिम अली खान, घनश्याम गुप्ता, देवेन्द्र निर्मलकर और जीतू नायक से खरीदकर बिक्री के लिए लाने की जानकारी दी इसके बाद पुलिस ने संबंधित आरोपियों की तलाश कर उन्हें भी हिरासत में लिया। जांच में सामने आए नेटवर्क के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई को आगे बढ़ाया।

### कथा के दौरान कई संदिग्ध महिलाएं गिरफ्तार



**भिलाई, 18 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई जयंती स्टेडियम सिविक सेंटर में आयोजित शिवमहापुराण कथा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के तहत भिलाई नगर थाने पुलिस द्वारा संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए। महिलाओं श्रीमती रीना 35 साल निवासी ग्राम खड्डा थाना सिवान जिला रीवा मध्यप्रदेश श्रीमती अनीता देवी 22 साल निवासी ग्राम खड्डा थाना सिवान जिला रीवाए मध्य प्रदेश श्रीमती सोनाली उर्फ शीला 45 वर्ष निवासी ग्राम खड्डा थाना सिवान जिला रीवा मध्य प्रदेशए श्रीमती जाह्नवी देवी 22 साल निवासी रीवा मध्य प्रदेश श्रीमती गीता देवी 37 साल निवासी जिला रीवा मध्य प्रदेश श्रीमती संगीता 25 साल निवासी गोरखपुर उत्तर प्रदेश व श्रीमती नैना 20 साल निवासी ग्राम समकलपुरए थाना पिपराइच जिला गोरखपुर उत्तर प्रदेश के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्रवाई गई है ।

### शिकायत पर गुम व्यक्ति की तलाश जारी

**भिलाई, 18 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई जामुल थाना क्षेत्र का एक व्यक्ति उत्तर प्रदेश के आजमगढ़ जिले में संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। परिजनों ने आशंका जताई है कि अज्ञात व्यक्ति ने उसका अपहरण कर लिया है। शिकायत के आधार पर जामुल पुलिस ने बीएनएस की धारा 140 (3) के तहत अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है जामुल पुलिस ने बताया कि भूषण जागड़े (41 साल ) निवासी वार्ड - 41 साहू होटल के पास शंकर नगर छावनी 11 अगस्त को अपने परिचित ड्राइवर मनीष कुमार श्रेष्ठ के साथ बोलेरो पिकअप में हेल्पर के तौर पर निकला था। वाहन में ओडिशा से माल लोड कर गोरखपुर जाना था। परिजनों के अनुसार 13 अगस्त की सुबह करीब 4 बजे कोटिला टोल प्लाजा के पास, आजमगढ़ रोड, थाना गंभीरपुर, जिला आजमगढ़ (उत्तर प्रदेश) में भूषण वाहन से उतर गया और उसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। करीब 5.12 बजे चालक मनीष कुमार श्रेष्ठ ने भूषण के बेटे को फोन कर घटना की जानकारी दी। परिजनों ने पुलिस को दी शिकायत में आशंका जताई है कि भूषण को किसी अज्ञात व्यक्ति ने डरा-धमकाकर या छलपूर्वक किसी अवैध उद्देश्य से अपने साथ ले गया है घटना की सूचना मिलने के बाद जामुल पुलिस ने गुम इंसान की रिपोर्ट दर्ज कर भूषण की तलाश शुरू कर दी है ।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल

**भिलाई, 18 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई पाटन के पुराने बस स्टैंड के पास तेज रफ्तार और लापरवाही से बाइक चलाने के दौरान हादसा हो गया बाइक चालक ऋषि कुमार साहू अपने साथी कमल साहू को पीछे बैठाकर बाजार की ओर से आ रहा था इसी दौरान उसकी बाइक की टक्कर से राजेंद्र साहू और नीरज साहू घायल हो गए। डायल-112 की मदद से घायलों को पाटन अस्पताल पहुंचाया गया, जहां गंभीर रूप से घायल राजेंद्र साहू को दुर्ग रेफर किया गया।

### लोगों को डरा रहा युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 18 अगस्त (तछसं.)।** भिलाई भट्टी पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-1 अंबेडकर पार्क के सामने एक युवक चाकू लेकर राहगीरों को धमका रहा है भट्टी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर युवक को पकड़ लिया पूछताछ में उसने अपना नाम रोशन निवासी मरोदा बताया ।

## महिला कुर्मी मित्र मंडल के हरियाली तीज मिलन में महिलाओं ने झूले व गेड़ी का लुत्फ उठाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 अगस्त।** महिला कूर्मि मित्र मंडल द्वारा हरियाली तीज मिलन समारोह का आयोजन रविवार को कुर्मी भवन में श्रीमती सुरेखा धुरंधर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ रितु वर्मा, श्रीमती पूजा कश्यप एवं सुश्री विनीता वर्मा उपस्थित थीं । इस अवसर पर श्रीमती अनिता वर्मा अध्यक्ष- छत्तीसगढ़ी कू.क्ष.महिला समाज एवं संरक्षिका महिला कूर्मि मित्र मंडल, उपाध्यक्ष डॉ शालिनी वर्मा, महेश्वरी चंद्रवंशी, महासचिव महेश्वरी मढ़रिया, मुख्य कोषाध्यक्ष सुनीता वर्मा, सचिव चमेली बंछोर ,सहसचिव बेला बंछोर,सलाहकार मीना बर्छिहा, मधु वर्मा ,चमेली वर्मा, माधुरी खिचरिया, ममता खिचरिया, अरुणी वर्मा, ग्रुप कोषाध्यक्ष-रश्मि वर्मा, पुष्पा धुरंधर, रोशनी धुरंधर, प्रभा वर्मा, प्रीति परगनिहा, विजयलक्ष्मी



चंद्राकर, रूपा वर्मा, माधुरी वर्मा, कार्यकारिणी सदस्य वीना वर्मा, सुमन वर्मा, शशि वर्मा, मीता वर्मा, तारिणी चंद्रवंशी, बबीता देशमुख, अर्चना वर्मा, लता देशमुख, रेणु नायक, पद्मा वर्मा, कुसुम आडिल आमंत्रित सदस्य अमिता वर्मा, सुरेश्वरी वर्मा, उर्मिला वर्मा, जयश्री वर्मा, तर्पणा वर्मा, सरस्वती चंद्राकर, नीलम वर्मा, स्वाति वर्मा, नीता कश्यप, छाया वर्मा आदि उपस्थित थे। महिलाओं ने सावन झूला एवं गेड़ी का लुत्फ उठाया। मनोरंजक खेलकूद में सबने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आलता लगाओ प्रतियोगिता के विजेता प्रथम रश्मि वर्मा, द्वितीय सुधा वर्मा, तृतीय कुमुदनी वर्मा, मेहंदी प्रतियोगिता में प्रथम रेणुका बंछोर, द्वितीय कुमुदनी वर्मा, तृतीय रूबी वर्मा रहीं। साथ में रश्मि वर्मा, सुमन वर्मा, माधुरी वर्मा, प्रतिभा देशमुख, लता देशमुख, बबीता देशमुख ने एकल नृत्य एवं उत्तरा वर्मा, अदिति वर्मा,स्वीट-50 ग्रुप तर्पणा वर्मा, अनिता वर्मा, कुसुम आडिल, माधुरी खिचरिहा, नीता कश्यप, मीना बरछिहा, सुनीता वर्मा, महेश्वरी मढ़रिया द्वारा मनमोहक समूह नृत्य प्रस्तुत किया। देवकी वर्मा द्वारा कविता पाठ। हरियाली तीज क्वीन की विजेता लता देशमुख रही।

## समरसता दिवस के चौथे चरण पर भाजपा की बैठक में की गई चर्चा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा समरसता दिवस के चौथे चरण के अंतर्गत मंडल स्तर पर आयोजित होने वाले कलश वितरण एवं जनसंपर्क अभियान के सुचारू संचालन को लेकर जिला कार्यालय में आयोजित की गई, जहाँ भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि कलश वितरण एवं जनसंपर्क अभियान को मंडल स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाते हुए अधिक से अधिक लोगों को इससे जोड़ा जाए। कार्यकर्ता घर-घर संपर्क कर समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं।

जिला महामंत्री सुषमा जेठानी ने कहा कि समरसता दिवस के माध्यम से समाज में समानता, सद्भाव और आपसी सहयोग की भावना को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है।अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष खगेश केसरिया ने कहा कि सामाजिक समरसता केवल कार्यक्रमों तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि यह हमारे व्यवहार और सामाजिक जीवन का हिस्सा बननी चाहिए। संचालन जिला महामंत्री मनीष अग्रवाल ने किया। बैठक में मुख्य रूप से गोपाल कृष्ण वर्मा, पूनम शुक्ला, मनोज तिवारी एवं पारस जंघेल, शैलेंद्र सिंह, योगेंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, तिलक राज यादव, जिला मीडिया सह प्रभारी सूरज जायसवाल, रवि कश्यप, ज्ञानदास मानिकपुरी एवं दीप पटेल, बॉबी चौहान एवं सुभाष शर्मा, सौरभ जायसवाल, दिनेश देवांगन, राजू श्रीवास्तव, धर्मेंद्र सिंह, हीरामन रोहित साहू, गोल्डी सोनी, दीपक भौंडेकर, प्रशांत गुप्ता, तरुण सिंह एवं मोतीलाल श्रीवास्तव सहित जिला एवं मंडल स्तर के पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बस्तर के दूरस्थ गांवों में भी उत्साह से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

**मोहला, 18 अगस्त ।** कभी नक्सल गतिविधियों के साये में रहने वाले जिले के दूरस्थ गांवों के बच्चों के लिए इस बार स्वतंत्रता दिवस का उत्सव कुछ अलग और खास रहा। जिन क्षेत्रों में कभी बंदूकों की गोलियों की आवाज बच्चों को सहमा देती थी, वहीं आज उन्हीं बच्चों ने जिला मुख्यालय मोहला में तिरंगे को शान से लहराते, जवानों की अनुशासित कदमताल और भव्य परेड को करीब से देखा। परेड में शामिल सशस्त्र बलों के जज्बे और राष्ट्रध्वज को दी गई सलामी ने बच्चों के चेहरों पर उत्साह और मुस्कान बिखेर दी। यह दृश्य बदलते मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी जिले में भय से विश्वास और दूरी से संवाद की ओर बढ़ते कदमों की जीवंत तस्वीर पेश करता नजर आया। जिला पुलिस की पहल ऑपरेशन विश्वास के तहत परवीडीह, पीटेमेटा, नवागढ़, बुकमरका, मुचर और कोहकाटोला के शासकीय प्राथमिक शालाओं के बच्चों को जिला मुख्यालय मोहला लाया गया था।

## न्यूनतम मजदूरी सहित विभिन्न मांगों को लेकर बीएमएस ने किया प्रदर्शन




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 अगस्त।** राष्ट्रीय न्यूनतम मजदूरी 30 हजार रुपये निर्धारित करने, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, ईएसआई की वेतन सीमा में बढ़ोतरी, योजना कर्मचारियों के मानदेय में वृद्धि, नगरीय निकाय कर्मचारियों के नवीन सेटअप तथा प्लेसमेंट कर्मचारियों को नियमित करने सहित विभिन्न मांगों को लेकर भारतीय मजदूर संघ जिला दुर्ग ने प्रधानमंत्री के नाम जिलाधीश दुर्ग को ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय मजदूर संघ के जारी निर्देश पर जिला भारतीय मजदूर संघ दुर्ग ने जिले के विभिन्न अनुषांगिक संगठनों के साथ राजेंद्र पार्क दुर्ग के सामने एकत्र होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान केंद्र सरकार द्वारा जारी नवीन श्रम संहिता में किए गए प्रावधानों तथा प्रदेश के विभिन्न विभागों में व्याप्त समस्याओं को लेकर वक्ताओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के प्रभारी एवं अखिल भारतीय महामंत्री राष्ट्रीय राज्य कर्मचारी महासंघ राजेंद्र कुमार श्रीवास्तव सहित दिनेश पांडेय, हरिशंकर चतुर्वेदी, शरद दुबे, संजय मिश्रा, अनिल सिंह, शशिभूषण मोहंती, उमेश मिश्रा, शिवेद दुबे एवं प्रदीप पाल ने मंच से श्रमिकों की विभिन्न समस्याओं और मांगों पर अपनी बात रखी।



### बोडला पीएचई ऑफिस में शान से लहराया तिरंगा

**कवर्धा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर बोडला में पीएचई ऑफिस में उप अभियंता टोमन कुंजाम ने तिरंगा ध्वजारोहण किया ओर सभी कर्मचारियों अधिकारियों ने एक दूसरे को स्वतंत्रता दिवस की बधाई दी ।

### जिला स्तरीय रोजगार मेला 20 अगस्त को

**महासमुंद, 17 अगस्त ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र महासमुंद द्वारा 20 अगस्त को जिला स्तरीय रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, मचेवा महासमुंद में प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक आयोजित होगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की स्वतंत्र माइक्रोफाइन प्राइवेट लिमिटेड, स्वाभिमान फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, एनआईआईटी लिमिटेड, पुस्कल एग्रोटेक लिमिटेड एवं वेक्टर फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड, एलआईसी महासमुंद सहित विभिन्न नियोजकों द्वारा 10वीं, 12वीं, बीएससी एग्रीकल्चर एवं स्नातक उत्तीर्ण आवेदकों के लिए कुल 292 विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके अलावा अन्य नियोजक भी उपस्थित होने पर रोजगार मेले में सम्मिलित किए जा सकेंगे।

## सरपंच संघ की पहली बैठक सम्पन्न युगल किशोर बने संगठन प्रभारी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के पांचों संभागों के सरपंचों की प्रदेश सरपंच संघ की पहली महत्वपूर्ण बैठक पुरखौती मुक्तांगन, रायपुर में सम्पन्न हुई। बैठक में ग्राम पंचायतों को अधिक वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकार देने, सरपंचों के सम्मान और ग्राम विकास को लेकर प्रदेशभर में एकजुट होने का संकल्प लिया गया 7 बैठक में दुर्ग जिला सरपंच संघ जनपद पंचायत दुर्ग के अध्यक्ष युगल किशोर साहू को प्रदेश सरपंच संघ का संगठन प्रभारी नियुक्त किया गया। वहीं संभागवार प्रभारियों एवं सहप्रभारियों का भी चयन किया गया। प्रदेश सरपंच संघ ने कहा कि जल्द ही प्रदेशभर के सरपंचों को संगठित कर वृहद प्रदेश स्तरीय बैठक एवं सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। संगठन प्रभारी युगल किशोर साहू ने कहा कि यह लड़ाई किसी एक व्यक्ति या जिले की नहीं, बल्कि गांवों के अधिकार, ग्राम पंचायतों

## डेंगू-मलेरिया रोकथाम अभियान तेज, खुर्सीपार में घर-घर सर्वे

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 18 अगस्त।** नगर निगम द्वारा मच्छर जनित रोग डेंगू एवं मलेरिया की रोकथाम तथा मच्छर उन्मूलन अभियान के तहत सोमवार को जोन-4 शिवाजी नगर के वार्ड क्रमांक-51 शहीद वीर नारायण सिंह नगर, खुर्सीपार अंतर्गत डॉ. राजेंद्र प्रसाद नगर में निगम के विशेष दस्ते ने घर-घर पहुंचकर सर्वेलेंस सर्वेक्षण किया। अभियान के दौरान 79 घरों का सर्वेक्षण कर कुल 271 संभावित प्रजनन स्त्रोतों का निरीक्षण किया गया। इनमें 19 स्थानों पर पुराना जमा पानी पाया गया, जिसे तत्काल खाली कराया गया। इनमें 5 कूलर, 5 टंकियां, 8 कंटेनर एवं 1 गमला शामिल था। मच्छर लार्वा नियंत्रण के लिए स्प्रेयर पंप के माध्यम से 81 कूलरों में पानी मिश्रित एक्यूगार्ड का छिड़काव किया गया। वहीं वयस्क मच्छरों के नियंत्रण के लिए 89 कूलरों में पानी मिश्रित मेलाथियान का छिड़काव किया गया। इसके अलावा सर्वेक्षित 71 घरों के अंदर-बाहर, सीढ़ियों के नीचे तथा अंधेरे एवं नमी वाले स्थानों पर भी पानी मिश्रित मेलाथियान का छिड़काव किया गया।

## कोक ओवन विभाग में 37 कर्मियों को सुरक्षा सजगता पुरस्कार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 अगस्त।** भिलाई इस्पात संयंत्र के कोक ओवन एवं कोल केमिकल विभाग में लाइन ऑफ फायर एवं शून्य सहनशीलता नियमों पर केंद्रित सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यस्थल सुरक्षा में उल्लेखनीय योगदान देने वाले 37 कर्मचारियों को सुरक्षा सर्वोत्तम, सुरक्षा अनमोल एवं सुरक्षा दक्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मुख्य महाप्रबंधक तुलाराम बेहरा एवं मुख्य महाप्रबंधक श्रीमती पुष्पा एम्ब्रोस ने पुरस्कार प्रदान किए।

## नवीन इन-हाउस लांस जाम कटिंग कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 18 अगस्त।** कार्यस्थल पर सुरक्षा और परिचालन विश्वसनीयता बढ़ाने की दिशा में भिलाई इस्पात संयंत्र के स्टील मेल्टिंग शॉप-3 में नवीन इन-हाउस लांस जाम कटिंग कॉम्प्लेक्स का लोकार्पण कार्यकारी कार्यपालक निदेशक बी.के. बेहरा ने किया। बीओएफ कॉम्प्लेक्स में विकसित इस सुविधा को ऊंचाई पर होने वाले लांस जाम कटिंग कार्य को अधिक सुरक्षित, नियंत्रित और सुविधाजनक बनाने के लिए बेहतर कार्य प्लेटफॉर्म, सुगम पहुंच एवं आवश्यक सुरक्षा प्रावधानों के साथ तैयार किया गया है।

## बारिश में भी शिवभक्तों ने पाटन से टोलाघाट तक निकाली कांवर यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**उतई, 18 अगस्त।** सावन के तीसरे सोमवार 17 अगस्त को बोल बम कांवर यात्रा समिति पाटन के संयोजक जितेंद्र वर्मा के नेतृत्व में पाटन से टोलाघाट तक भव्य कांवर यात्रा निकाली गई। लगातार बारिश के बावजूद हजारों शिवभक्त कांवर लेकर बोल बम के जयघोष के साथ यात्रा में शामिल हुए। यात्रा का शुभारंभ पाटन के ओग्गर तालाब स्थित भगवान भोलेनाथ की पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक के साथ हुआ। इसके बाद महिला, युवा एवं बुजुर्ग सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु टोलाघाट के लिए रवाना हुए। बारिश के बीच भी कांवरियों का उत्साह देखते ही बना और पूरे मार्ग में भक्ति का माहौल बना रहा। संयोजक जितेंद्र वर्मा ने कहा कि कांवर यात्रा आस्था, अनुशासन, सेवा, सनातन संस्कृति एवं सामाजिक समरसता का प्रतीक है। बारिश भी शिवभक्तों की आस्था और उत्साह को नहीं रोक सकी। टोलाघाट में एक मुट्ठी दान भगवान शंकर के नाम अभियान से प्राप्त अन्न से महाप्रसाद तैयार कर श्रद्धालुओं को वितरित किया गया। इसके साथ ही प्रसिद्ध गायक जितेंद्र साहू कृत 'सोनहा बादर' की सांस्कृतिक प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम में सांसद विजय बघेल, छत्तीसगढ़ अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर, पूर्व विधायक लाभचंद बाफना एवं विनोद खांडेकर सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और बड़ी संख्या में शिवभक्त उपस्थित रहे।

## एक नजर

### सालिक नवाज ने जीता कांस्य, राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा के लिए चयनित

**राजनानंदगाव 18 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** 14 से 16 अगस्त तक आयोजित छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर ओपन फिडे रेटेड शतरंज चयन स्पर्धा का आयोजन दुर्ग जिले में किया गया जिसमे 190 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था जिसमे राजनांदगांव जिले के प्रतिभाशाली अन्तराष्ट्रीय रेटिंग प्राप्त शतरंज़ खिलाड़ी 17 वर्षीय मोहम्मद सालिक नवाज़ मनिहार ने स्पर्धा में तीसरा स्थान अर्जित किया. वा राष्ट्रीय शतरंज स्पर्धा के लिए चयनित हुए.इन्हें आयोजको द्वारा तीन हज़ार नगद राशि,ट्रॉफी,सर्टिफ़िकेट पुरस्कार स्वरूप प्रदान किया गया.सालिक नवाज़ इस से पहले भी शतरंज की कई बड़ी प्रतियोगिता में विजेता बन चुके है वा छत्तीसगढ़ के वर्तमान में सबसे सफल जूनियर शतरंज खिलाड़ियों में शामिल है,उनकी इस उपलब्धि पर न्यू राजनांदगांव चैस एसोसिएशन के पदाधिकारी सदस्यों ने शुभकामनाएं दी वा उज्वल भविष्य की कामना की वा राष्ट्रीय प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए मार्गदर्शन दिया। उक्त जानकारी संस्था के संयोजक मतीन खान द्वारा दी गई।

### नवीन बुनाई प्रशिक्षण का शुभारंभ,4 माह तक सिखाई जाएगी बुनाई की आधुनिक तकनीक

**बलौदाबाजार,18 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ग्रामोद्योग संचालनालय हाथकरघा द्वारा स्वीकृत, जिला हाथकरघा कार्यालय बलौदाबाजार एवं कलेक्टर कुलदीप शर्मा के मार्गदर्शन मे बलौदाबाजार स्थित देवांगन समाज भवन में सोमवार को नवीन बुनाई प्रशिक्षण का शुभारंभ किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन ने राष्ट्रपिता माहत्मा गांधी के प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विभाग की ओर से जिला अधिकारी श्री अनिल सोम ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि हाथकरघाा रोजगार के साधन के साथ साथ हमारे संस्कृति और पहचान का प्रतीक है विभाग बुनकरों को हर संभव सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण 4 माह का होग़ा जिसमें बुनाई की बुनियादी प्रशिक्षण दिया जाएगा अब तक 20 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है।प्रशिक्षण का मुख्य उददेश्य बुनकरों को आधुनिक तकनिक, नए डिजाईन एवं बेहतर विपणन से जोड़कर उनकी आय में वृद्धि करना तथा ग्राम स्तर पर स्वरोजगार को बढ़ावा देना है इस अवसर पर पूर्व उपाध्यक्ष जिला पंचायत परमेश्वर यदु भूतपूर्व,जिला यादव समाज अध्यक्ष संतोष यादव,वार्ड पार्षद गौतम सिंह चौहान, रवि फेकर, प्रतिनिधि शशिभुषण शुक्ल, जिला हाथकरघा कार्यालय से सहायक विवेक प्रधान एवं शहर एवं अन्य स्थान से आए गणमान्य नागरिक व प्रशिक्षर्थी उपस्थित रहे।

### रक्षाबंधन पर्व मे अमानक खाद्य पदार्थो पर प्रशासन की कड़ी नजर

**बलौदाबाजार,18 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आगामी रक्षाबंधन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए आम नागरिकों को सुरक्षित, शुद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं मानक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में सात दिवसीय सघन खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन एवं जन-जागरूकता अभियान बने खाबो -बने रहिबो 2.0 का सोमवार को शुभारंभ किया गया। यह विशेष अभियान आगामी रविवार तक तक पूरे जिले में पूरी गंभीरता के साथ संचालित किया जाएगा। विभाग द्वारा जारी विस्तृत कार्ययोजना के अनुसार जिले के सभी कार्यक्षेत्रों में इस अभियान को पूरी कड़ाई से क्रियान्वित किया जा रहा है। त्योहारों के सीजन में खाद्य पदार्थों में मिलावट, मिध्याछाप, भ्रामक प्रस्तुतीकरण, असुरक्षित खाद्य सामग्री तथा शासन द्वारा प्रतिबंधित किए गए एनालॉग डेयरी उत्पादों के निर्माण, भंडारण, वितरण एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने के लिए खाद्य सुरक्षा दलों द्वारा जाँच किया जायेगा। जिले के अंतर्गत आने वाली सभी मिठाई दुकानों, कन्फेक्शनरी निर्माताओं, डेयरियों, बेकरी इकाइयों, होटलों, रेस्टोरेंटों तथा स्ट्रीट फूड विक्रेताओं के परिसरों की कड़ाई से जांच की जाएगी। बाजार में प्रायः प्लास्टिक के जार या डिब्बों में बिना किसी लेबल, निर्माता के नाम या संघटक सामग्री सूची के बेची जाने वाली मिठाइयों तथा भ्रामक नामों वाली सामग्रियों को विशेष रूप से लक्षित कर जाँच किया जाएगा। 31 जुलाई 2026 की राजपत्र अधिसूचना के तहत ऐसे सभी अमानकीकृत 'डेयरी एनालॉग' या 'गैर-दुग्ध किन्तु दुग्ध उत्पाद-सदृश खाद्य' जो उपभोक्ताओं को वास्तबिक दुग्ध उत्पाद होने का भ्रम पैदा करते हैं, उनके विक्रय पर तत्काल कार्यवाही की जाएगी। निरीक्षण के दौरान संदिग्ध पाए जाने वाले खाद्य पदार्थों के नमूने संकलित किए जाएंगे, जिन्हें तत्काल राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा जाएगा। रिपोर्ट में मिलावट या अमानकता पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम, 2006 के तहत कड़ी वैधानिक व दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। खाद्य एवं औषधी प्रशाशन विभाग ने जिले के सभी खाद्य कारोबारियों को सख्त हिदायत दी है कि वे त्योहारों के दौरान केबल उच्च गुणवत्ता और स्वच्छता मानकों के अनुरूप ही खाद्य पदार्थों का निर्माण व विक्रय करें। बिना खाद्य पंजीयन या लाइसेंस के संचालित होने वाले अस्थायी स्टॉलों और शहरी क्षेत्रों से ग्रामीण हाट-बाजारों की ओर होने वाली संदिग्ध मिठाइयों की सप्लाई चैन पर भी कड़ी निगरानी रखी जा रही है। विभाग ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे जागरूक रहें और पैकेटबंद मिठाइयों या सामग्रियों को खरीदते समय लेबलिंग की जाँच एवम बिल अवश्य लें।

# महापौर ने घोटिया में 10 लाख रुपए से बनने वाले यादव समाज भवन का भूमिपूजन किया, पौधे भी लगाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**घोटिया/डोंगरगढ़ 18 अगस्त।** ग्राम घोटिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला परिसर में सोमवार 17 अगस्त 2026 को विकास, पर्यावरण और संस्कार का संगम देखने को मिला। यहां 10 लाख की लागत से बनने वाले यादव समाज सामुदायिक भवन का भूमिपूजन, एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान एवं नाग पंचमी पर्व धूमधाम से मनाया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर निगम राजनांदगांव के महापौर एवं पूर्व सांसद माननीय श्री मधुसूदन यादव थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद उपाध्यक्ष डोंगरगढ़ श्री हीरा वर्मा, जिला भाजपा संगठन महामंत्री श्री जैन कुमार मेश्राम, भाजपा मंडल अध्यक्ष डोंगरगढ़ श्री अनिल सिन्हा, ग्रामीण भाजपा मंडल डोंगरगढ़ के महामंत्री श्री रवि यादव, जनपद सदस्य श्री नीरज तेजलाल छेड़ैया उपस्थित रहे।



इस अवसर पर डिप्टी रेंजर घोटिया वन विभाग श्री चंद्राकर जी, श्री उग्रसेन वर्मा स्वास्थ्य विभाग, ग्राम पंचायत घोटिया के सरपंच श्री संजय उईके, उपसरपंच श्री रामकुमार मंडावी, उपसरपंच तोतलभरीं श्री गोविंद कुमार मंडावी, यादव समाज के प्रमुख श्री रेख राम यादव, गंगू राम मंडावी ग्राम पटेल तोतालभारी, अर्जुन वर्मा बूथ अध्यक्ष तोतालभारी पंचगण, महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाएं, ग्रामीणजन, शाला के शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**कार्यक्रम की झलकियां:** 1. पारंपरिक स्वागतः यादव समाज ने महापौर श्री मधुसूदन यादव सहित सभी अतिथियों का पारंपरिक वेष-भूषा ÷खुमरी÷ पहनाकर गर्मजोशी से स्वागत किया।

2. भूमिपूजनः महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं यादव समाज के प्रमुख श्री रेख राम यादव के करकमलों से 10 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले यादव समाज सामुदायिक भवन का भूमिपूजन संपन्न हुआ।

3. वृक्षारोपणः एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत महापौर जी, डिप्टी रेंजर श्री चंद्राकर जी एवं अन्य अतिथियों ने शाला परिसर में पौधे लगाए।

4. नाग पंचमीः शाला के बच्चों ने मिट्टी से शिवलिंग एवं नाग की आकृति बनाकर पारंपरिक विधि से पूजा की। नाग देवता को नारियल, बेलपत्र और दूध अर्पित किया गया।

5. सांस्कृतिक प्रस्तुतिः छात्राओं ने आकर्षक आदिवासी नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

महापौर का उद्बोधनः महापौर श्री मधुसूदन यादव ने कहा कि ÷10 लाख का यह भवन यादव समाज की एकता का प्रतीक बनेगा। बच्चों द्वारा नाग पंचमी पर की गई पूजा हमारी संस्कृति को जीवंत रखती है। शाला में आहाता निर्माण एवं अतिरिक्त कक्ष की मांग पर शीघ्र प्रस्ताव भेजा जाएगा। कार्यक्रम के समापन पर ग्रामीणों ने महापौर को ज्ञापन सौंपा। अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं पारंपरिक टोपी से सम्मान किया गया।

# शहर की प्रमुख सड़कों में हुए बेशुमार गड्ढों से हो रही आवाजाही में परेशानी





■ **रेलवे स्टेशन मुख्य मार्ग से लेकर गोल बाजार और बुधवारी मार्ग तक बदहाल सड़कें बनी परेशानी का सबब, बारिश में बढ़ी मुश्किल**

**डोंगरगढ़ 18 अगस्त।** शहर की प्रमुख सड़कों पर जगह-जगह बने गड्ढे अब राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। रेलवे स्टेशन जाने वाले मुख्य मार्ग की सड़क की हालत इन दिनों सबसे ज्यादा खराब नजर आ रही है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से वाहन चालकों को रोजाना हिचकोले खाते हुए गुजरना पड़ रहा है। तस्वीर में सड़क की बदहाली साफ नजर आ रही है, जहां राहगीर, दोपहिया वाहन चालक और मवेशी एक ही रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं।

शहर के गौरव पथ मार्ग पर भी सड़क पर बना बड़ा गड्ढा हादसों को न्योता दे रहा है। वहीं गोल बाजार क्षेत्र में जगह-जगह छोटे-बड़े गड्ढे लोगों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। बुधवारी मार्ग के प्रमुख रास्ते पर पहले बने गड्ढों को पाटने के लिए हाल में नगरपालिका की ओर से सीमेंट का लेप लगाने का प्रयास किया गया था, लेकिन अब वहां भी सड़क की स्थिति फिर खराब होने लगी है। इससे वाहन चालकों को आवाजाही में परेशानी हो रही है।

**कुछ वर्षो से बनी हुई है समस्या :-** स्थानीय लोगों का कहना है कि शहर की प्रमुख सड़कों की यह स्थिति एक-दो दिन की समस्या नहीं है। पिछले कई वर्षों से अलग-अलग मार्गों पर गड्ढे और खराब सड़क लोगों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। बारिश के दौरान इन गड्ढों में पानी भर जाने से उनकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता और दोपहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है।

लोगों में इस बात को लेकर नाराजगी भी है कि बार-बार ध्यान दिलाने के बावजूद स्थायी समाधान नहीं हो पा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जनप्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारी सड़क सुधार को प्राथमिकता दें तो शहर की इस समस्या का जल्द निराकरण किया जा सकता है।

**डामरीकरण के बाद भी नहीं सुधरी स्थिति :-** जानकारों के अनुसार नवंबर-दिसंबर के दौरान शहर के करीब 5-6 वार्डों में लगभग एक करोड़ रुपए की लागत से डामरीकरण का काम कराया गया था। उस दौरान भी शहर के प्रमुख मार्गों के गड्ढों को भरने की बात कही गई थी, लेकिन कई स्थानों पर सड़क की स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ।

**बारिश ने बढ़ाई परेशानी :-** इन दिनों मानसून सक्रिय है। पिछले दो दिनों से रुक-रुककर हो रही बारिश के कारण सड़कों के गड्ढों में पानी भर गया है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों की परेशानी और बढ़ गई है। लोगों ने नगरपालिका और संबंधित विभाग से शहर की प्रमुख सड़कों का निरीक्षण कर गड्ढों की मरम्मत कराने तथा बारिश के बाद स्थायी रूप से सड़क सुधार कार्य कराने की मांग की है।

## तिल्दा नेवरा में महंगे बिजली बिल और स्मार्ट मीटर के विरोध में ग्रामीण कांग्रेस कमेटी ने जनसंपर्क अभियान शुरू किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा 18 अगस्त।** कांग्रेस कमेटी तिल्दा ग्रामीण के अध्यक्ष के बलदाऊ साहू , तरपोगी मंडल अध्यक्ष राजकुमार यदु के नेतृत्व में ग्राम सगुनी, खैरखुट में बड़ी बिजली दाम वापस लेने तथा स्मार्ट मीटर बदलने हेतु आवेदन पत्र भरवाया गया इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर पहुंचे और लोगों को स्मार्ट मीटर हटाने या बदलने के लिए आवेदन पत्र वितरित किए।



**कांग्रेस नेताओं ने उपभोक्ताओं की समस्याएं सुनी**

अभियान के दौरान कांग्रेस नेताओं ने उपभोक्ताओं से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं। पार्टी का आरोप है कि स्मार्ट मीटर लगाए जाने के बाद कई उपभोक्ताओं के बिजली बिल पहले की तुलना में काफी बढ़ गए हैं। इससे आम लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है और वे परेशान हैं। कांग्रेस ने लोगों से अपील की कि यदि उन्हें भी स्मार्ट मीटर के कारण अधिक बिजली बिल आ रहे हैं, तो वे आवेदन भरकर इस अभियान से जुड़ें। पार्टी का कहना है कि इन आवेदनों के माध्यम से उपभोक्ताओं की समस्याओं को सरकार और बिजली विभाग तक पहुंचाया जाएगा। जनता पर आर्थिक बोझ डाल रही सरकारः कांग्रेस कमेटी तिल्दा ग्रामीण के अध्यक्ष बलदाऊ साहू ने प्रदेश की भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि महंगी बिजली और स्मार्ट मीटर के जरिए आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ डाला जा रहा है। कांग्रेस का दावा है कि बढ़ते बिजली बिलों को लेकर लोगों में लगातार नाराजगी बढ़ रही है। आवेदन पत्र भरवाने के लिए प्रमुख रूप से तिल्दा ग्रामीण के ब्लाक अध्यक्ष बलदाऊ साहू, सरोरा मंडल के प्रभार देवेंद्र वर्मा जी, रतनचंद निषाद जी, तरपोगी मंडल अध्यक्ष राजकुमार यदु, ज्ञानदस मानिकपुरी मंडल उपाध्यक्ष , सगुनी सरपंच रजत कश्यप, सेक्टर प्रभार संजय वर्मा,सीता राम साहू, रामेश्वर विश्वकर्मा, भारत वर्मा, दौलत यादव, पंकज यादव, टेकराम यदु, राजू साहू पंच, भागवत यादव आदि कांग्रेसी जन शामिल हुए।

### बुजुर्ग से दिनदहाड़े झपटमारी करने वाला शातिर बदमाश गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 18 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में संपत्ति संबंधी अपराधों एवं झपटमारी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशों के तहत थाना सिटी कोतवाली पुलिस को एक महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। बुजुर्ग किसान से झपटमारी करने वाले आरोपी को सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर की मदद से गिरफ्तार किया गया है। 23/06/2026 को प्रार्थी धरम ध्रुव (उम्र 60 वर्ष, निवासी रसेड़ी) ने थाना कोतवाली आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह जिला सहकारी कृषि मर्यादित बैंक बलौदाबाजार से ?21,000 निकालकर निकला था। इसमें से ?1,000 सामान खरीदने के लिए जेब में रखे तथा बाकी ?20,000 (500-500 रुपये के नोट) कपड़े के थैले में रखकर बैंक पासबुक के साथ बड़े थैले में रख लिया था। ?दोपहर लगभग 12:15 बजे जब प्रार्थी सब्जी मार्केट में सब्जी खरीद रहा था, तभी एक अज्ञात व्यक्ति आकर झपट्टा मारकर उसके थैले से ?20,000 नकदी लेकर फरार हो गया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर धारा 304(2) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## आप ने केजरीवाल के बर्थडे पर 5वां हेल्थ कैंप लगाया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 18 अगस्त।** लव यू केजरीवाल के नारों के साथ आम आदमी पार्टी की स्थानीय इकाई ने अपने राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का जन्मदिन मनाया। इस मौके पर अपने साप्ताहिक निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं दवा वितरण को सोमवार के स्थान पर इस बार रविवार को किया।



उक्त जानकारी देते हुए बलौदाबाजार विधानसभा के मुख्य कार्यकर्त्ता कमल महान ने बताया कि शिविर के बीच में बर्थडे केक भी काटा गया और उपस्थित जनों में वितरण किया गया उन्होंने कहा कि शिविर के माध्यम से हम लोगों को यह संदेश दे रहे हैं कि आम आदमी पार्टी वर्तमान समय में क्यों जरूरी है?बढ़ती महंगाई और बेरोज़गारी के बीच यदि लोगों तक शिक्षा और इलाज़ मुफ़्त पहुंचे तो यह एक प्रकार से उनको बड़ी राहत देती है। अरविंद केजरीवाल कहते भी हैं कि सरकारों में पैसों की कोई कमी नहीं है, काम करने की नीयत की कमी है।

महान ने बताया कि आज के शिविर में चिकित्सक डॉ राजकुमार सोनी ने 29 मरीज़ों का परीक्षण किया जिन्हें निःशुल्क दवाई भी दी गई। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष भुवनेश्वर सिंह डहरिया,दिलीप फेकर, भरतसिंह चौहान, डॉ सहदेव डांडेकर, विधानसभा प्रभारी जसपाल जांगड़े, सुनील श्रीवास्तव, लच्छी राम पाल आदि का सहयोग सराहनीय रहा।

## वाणी को वीणा बना लो तो संगीत गूंजेगा वाणी को बाण बना लो तो महाभारत रचेगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बालोद 18 अगस्त।** जीवन हमारा सीधा सरल है लेकिन इसे हम उलझा देते हैं। वाणी को वीणा बना लो तो संगीत गूंजेगा, वाणी को बाण बना लो तो महाभारत रचेगा। मानव को सतगुरु के सानिध्य में जाना चाहिए नहीं तो देख रहे हैं कि भौतिकता युग में व्यक्ति की जीवन की दशा बिगड़ रही है, आज नाना प्रकार की परेशानियां सामने आ रही है। सिर्फ चमत्कार के लिए ही संतों के पास नहीं जाना। आज देखते हैं कि समाज में सबसे ज्यादा लड़ाई झगड़ा भाई-भाई की जमीन बंटवारे को लेकर हो रही है, जितना दुश्मनी भारत-पाक में नहीं है उतना एक परिवार में है। चातुर्मास धर्म करने का अवसर है ,मौका मिला है। महावीर की वाणी कर्ण प्रिय है, छोटी सी जिंदगी है जिसे मस्ती से चलना आ गया वहीं मानवता को पा लिया। गुरुर करने की जरूरत नहीं है आज तो मिट्टी के ऊपर हो कल मिट्टी तुम्हारे ऊपर गुरुर करेगी। उक्त उद्गार समता भवन बालोद में प्रवचन श्रृंखला में शासन दीपक श्री अक्षय मुनि की मसा ने कहीं।

जैन संत अक्षय मुनिश्री ने आगे कहा की वाणी छह प्रकार की होती हैं पहली भाषा हितकारी होना चाहिए, मितकारी भाषा हमेशा बोलना चाहिए, मीठा मधुर भाषा व्यक्ति की होनी चाहिए, हमेशा शिष्ट भाषा का कथन कहना चाहिए है व्यक्ति को, अहंकार रहित यानी कि गर्व रहित भाषा बोलना चाहिए तथा सत्य भाषा ही बोलना चाहिए। द्रोपदी के एक कथन से महाभारत हो गई, एक शब्द के कारण इतिहास लिख दिया गया। हमारा जीवन भी कोहिनूर हीरे से कम नहीं है स्वयं की जिंदगी में आत्मबोध छिपा है ,अंदर की आत्मा रमणता को जगाएं। हमेशा जीवन में कोई ना कोई आदर्श होना चाहिए। जैन संत ने आगे कहा कि भगवान कृष्ण ने कभी तलवार नहीं उठाया उन्होंने प्रेम की बांसुरी से ही सभी का दिल जीत लिया। जिंदगी में सार तत्व है तो प्रेम ही है, कृष्ण ने यही कहा। जैन संत श्री अक्षय मुनिजी मसा की प्रेरणा से बालोद शहर में उपवास तपस्या निरंतर चल रही है। जैन धर्म में सिर्फ गर्म जल के आधार पर ही उपवास तप किया जाता है। धर्म सभा में आज इंदिरा देवी बाफना ने 22 , काजल नाहर ने 21, शर्मिला बाफना ने 20, प्रिया श्रीश्रीमाल, स्नेहल लोढा ने 18 ,नमिता नाहटा ने 15 , ईशा तातेड ने 14 ,समृद्धि ललवानी ने 8 तथा पूनम लोढ़ा ने 7 उपवास तपस्या का प्रत्याख्यान संकल्प ग्रहण किया। आज की सभा में मोरवन उदयपुर राजस्थान से महावीर जी उपस्थित हुए जिन्हें पूर्व में राष्ट्रपति पदक से सम्मानित किया गया वे पेशे से शिक्षक रहे हैं।

# नगर में पहली बार महिलाओं ने कावड़ यात्रा निकाल कर सिध्देश्वर मंदिर में जलाभिषेक किया : रोहित देवांगन

■ **माता बहनों का भगवान भोलेनाथ जल स्वीकार कर मनोकामना पूरा करें: महिला समिति**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 18 अगस्त।** नगर में 16 अगस्त दिन रविवार को महिला कावड़ यात्रा समिति के तत्वाधान में रामनगर टिहुपारा कोस्टा तालाब शिव मंदिर से ब्राह्मण पुरोहित द्वारा जल अभिमंत्रित कर सिमगा नगर के समस्त वार्डो से माताएं बहनों ने जल कावड़ में भरकर नगर में शिव शंकर भगवान भोलेनाथ के जयकारो के साथ बोल बम के गगनचुंबी नारो के साथ सिमगा नगर गुंजा उठा और पुरा नगर शिवमय हुआ, महिला कावड़ यात्रा रामनगर टिहुपारा शिव मंदिर से होते हुए जय स्तंभ चौक सदर बाजार सोनकर पर होते हुए सिद्धेश्वर शिव मंदिर शिवनाथ नदी तट पर जल अर्पित कर विशाल भंडारा के साथ संपन्न हुआ, शिव मंदिर अध्यक्ष रोहित देवांगन में पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि यह कार्यक्रम सिमगा नगर में पहली बार माता बहनों के एवं नगर के गणमान्य नागरिकों के सहयोग से पहली बार ऐतिहासिक कावड़ यात्रा सफलता पुर्वक सम्पन्न रहा जिसमें मातृशक्ति द्वारा पीले रंग के वस्त्र धारण कर शिवजी के जयकारों के साथ पूरे नगर में भक्ति भाव से भ्रमण किया, इस कार्यक्रम को संपन्न करने हेतु सभी सहयोग कर्ताओं का दिल से आभार, जिसमें महिला कावड़ यात्रा समिति के अध्यक्ष श्रीमती प्रमिला गुप्ता, उपाध्याय सरोज देवांगन, सचिव रुक्मणी साहू, कोषाध्यक्ष श्रीमती गौरी शर्मा, व्यवस्था प्रमुख श्रीमती सुनीता यादव, संगठन प्रमुख श्रीमती शारदा भोसले, सहसचिव रजनी दुबे, संयोजक श्रीमती स्वर्णा शर्मा, मीडिया प्रभारी श्रीमती राखी भोसले, प्रचार प्रसार प्रमुख रीता पांडे, सलाहकार श्रीमती मनीषा सलूजा, श्रीमती प्रियंका तिवारी, संरक्षक श्रीमती वंदना इंगोले, रोहित देवांगन, मनीष गुप्ता, परमेश्वर देवांगन, माया सलूजा, अनूप तिवारी एवं नगर के शिव भक्त उपस्थित रहे।



## रामाटोला कॉलेज में बीए में प्रवेश जारी, अंतिम तिथि 25 अगस्त

**रामाटोला 18 अगस्त।** वीरांगना रानी अवन्तीबाई लोधी शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, रामाटोला में कला संकाय के अंतर्गत बी ए प्रथम सेमेस्टर में ओपन प्रवेश प्रक्रिया जारी है। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. एम.0रंगारी ने बताया कि महाविद्यालय डोंगरगढ़ से मात्र 6 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है। विद्यार्थियों की सुविधा के लिए प्रत्येक आधे घंटे में आवागमन हेतु बस की सुविधा उपलब्ध है। महाविद्यालय में कला संकाय संचालित है, जिसके अंतर्गत अर्थशास्त्र, समाजशास्त्र, हिन्दी साहित्य, इतिहास, अंग्रेजी साहित्य सहित अन्य वैकल्पिक एवं अनिवार्य विषयों के चयन की सुविधा उपलब्ध है। कक्षा 12वीं उत्तीर्ण इच्छुक छात्र-छात्राएं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग की वेबसाइट के माध्यम से महाविद्यालय के नाम का चयन कर ऑनलाइन प्रवेश आवेदन कर सकते हैं तथा सीधे प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं। महाविद्यालय में पर्याप्त सीटें उपलब्ध हैं और सीटें पूर्ण होने तक प्रवेश दिया जाएगा। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद अध्ययन में गैप वाले विद्यार्थियों तथा वाणिज्य एवं विज्ञान विषय में प्रथम सेमेस्टर में अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को भी बी.ए. प्रथम सेमेस्टर में नियमित प्रवेश दिया जाएगा। महाविद्यालय में ग्रंथालय, खेलकूद, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों तथा वार्षिकोत्सव जैसी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। प्रवेश शुल्क न्यूनतम 1200 रुपये निर्धारित है। प्रवेश की अंतिम तिथि 25 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है। ऑनलाइन आवेदन करते समय विद्यार्थियों को 10वीं एवं 12वीं की अंकसूची की छायाप्रति, स्थानांतरण प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र एवं माइग्रेशन प्रमाण पत्र की मूल प्रति, पासपोर्ट साइज के दो फोटो, आधार कार्ड की छायाप्रति, पंजीकृत बैंक पासबुक की छायाप्रति, बीपीएल राशन कार्ड की छायाप्रति तथा स्वयं का मोबाइल नंबर एवं ई-मेल आईडी प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

**एक नजर**

### स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया ध्वजारोहण



**कोडागाँव 18 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कोडागाँव जिला एवं सत्र न्यायालय के सामने स्थापित भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा परिसर जिला मुख्यालय कोडागाँव में सर्व समाज जिला कोंडागांव के पदाधिकारी के द्वारा प्रतिवर्ष की भाँति इस वर्ष भी आजादी का राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त 2026 स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित की गई इस समारोह के मुख्य अतिथि माननीय खिलावन राम रिगरी जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा संविधान निर्माता, भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर प्रतिमा परिसर में ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात उपस्थित सर्व समाज एवं अधिवक्ता गणों व अधिकारी कर्मचारी को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई इस अवसर पर जिला न्यायालय के माननीय न्यायाधीश विक्रम प्रताप चंदा ए डी जे, माननीया प्रतिभा मरकाम एडीजे, माननीया रेशमा बैरागी पटेल सीजीएम, माननीया गायत्री साय न्यायाधीश , एवं अधिवक्ता संघ के जिला अध्यक्ष दीपक ठाकुर , सर्व समाज अध्यक्ष धंसराज टंडन , एमडी बघेल संरक्षक ,नीलकंठ शार्दुल प्रवक्ता, वरिष्ठ समाज प्रमुख सी एल मेश्राम , तरुण नाग, वीरेंद्र बघेल , विश्वकर्मा जी, पी एल ठावरे , एवं अधिवक्ता गण न्यायालय के समस्त कर्मचारी गण एवं वरिष्ठ नागरिक गण सम्मिलित हुए यह ऐतिहासिक पहल पहली बार देखने को मिला , जब माननीय न्यायालय परिवार एवं सर्व समाज एक साथ राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उद्बोधन की कड़ी में माननीय खिलावन राम रिगरी जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अपने उद्बोधन में कहा स्वतंत्रता को प्ररिभाषित करते हुए सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी गई तत्पश्चात सांस्कृतिक कार्यक्रम नन्हे नन्हे बच्चों एवं न्यायालय परिवार के द्वारा प्रस्तुति दी गई सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों को सम्मान प्रमाण पत्र माननीय न्यायाधीशों के द्वारा प्रदान की गई।

### व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने अपनी समस्याओं कों लेकर माँ दंतेश्वरी के चरणों में लगाई अर्जी



**जगदलपुर, 18 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नवीन व्यावसायिक प्रशिक्षक कल्याण संघ के आह्वान पर प्रदेशभर के व्यावसायिक प्रशिक्षकों ने आज डीओ एवं कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौंपकर अपनी लंबित समस्याओं एवं मांगों के शीघ्र निराकरण की मांग की। ज्ञापन में प्रमुख रूप से 1,029 व्यावसायिक प्रशिक्षकों के मई-जून माह के लंबित मानदेय का तत्काल भुगतान, PAB 2025-26 में स्वीकृत ?1,000 प्रतिमाह की मानदेय वृद्धि की लंबित ?12,000 वार्षिक राशि का भुगतान तथा आगामी अनुपूरक बजट में आवश्यक राशि का प्रावधान करने की मांग रखी गई। इसके साथ ही सेवा सुरक्षा एवं व्यावसायिक शिक्षा व्यवस्था में स्थायी नीति बनाने की मांग भी की गई। प्रदेश अध्यक्ष भूपेश साहू ने कहा, व्यावसायिक प्रशिक्षक वर्षों से पूरी निष्ठा से सेवाएं दे रहे हैं। हमारा लंबित मानदेय और स्वीकृत इंक्रीमेंट की राशि तत्काल जारी की जानी चाहिए। जिला अध्यक्ष विक्रम सिंह ठाकुर ने कहा, सरकार द्वारा स्वीकृत राशि का लाभ प्रशिक्षकों को मिलना उनका अधिकार है। अनुपूरक बजट में राशि का प्रावधान कर शीघ्र भुगतान सुनिश्चित किया जाए। संघ ने स्पष्ट किया कि व्यावसायिक प्रशिक्षकों की मांगों के समाधान तक संगठन लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद करता रहेगा। इस अवसर पर उपाध्यक्ष खगेंद्र पाढी, डीकेश साहू नेत्रकात आचार्य हितेश कुमार,रितेश चंद्रा मनी शंकर विजय अहलूवालीया पवन साहू पूजा वैष्णव शकुंतला नीता साव ईश्वरी नमिता साहू उपस्थित रहें।

# भोपालपटनम-मट्टीमरका सड़क पर गड्ढों के चलते सफर हुआ जोखिम भरा

- **क्षेत्र के विकास कार्य उद्घाटन में नेताजी आते हैं, फीता काटते हैं, चले जाते हैं... लेकिन गड्ढों वाली सड़क की मरम्मत नहीं होती**
- **फरवरी मार्च 2027 तक स्वीकृति मिलने की संभावना है: ईई**

**■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**भोपालपटनम/बीजापुर 18 अगस्त।** देश आजादी की 80वीं वर्षगांठ का जश्न मना रहा है, लेकिन भोपालपटनम ब्लॉक मुख्यालय से मट्टीमरका जाने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित मुरमीकरण सड़क की हालत देखकर लगता है कि आज भी बदहाली की 'गुलामी' से आजाद होने को तैयार नहीं है। सड़क पर जगह-जगह बने बड़े-बड़े गड्ढे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए परेशानी के साथ-साथ दुर्घटना का खतरा भी बढ़ा रहे हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क की स्थिति इतनी खराब है कि वाहन चलाते समय हर कुछ दूरी पर गड्ढों से सामना होता है। बारिश के दिनों में यही गड्ढे पानी से भरकर छोटे-छोटे 'स्विमिंग पूल' का रूप ले लेते हैं, जिससे उनकी गहराई का अंदाजा लगाना भी मुश्किल हो जाता है।

व्यंग्य करते हुए ग्रामीणों का कहना है कि चांद पर गड्ढे देखने के लिए वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष तक जाना पड़ता है, लेकिन भोपालपटनम-मट्टीमरका मार्ग पर प्रशासन ने ही 'मून वॉक' का इंतजाम कर दिया है। सड़क पर कदम-कदम पर मौजूद गड्ढे किसी चंद्र सतह से कम नजर नहीं आते।

इस मार्ग से गुजरने वाले वाहन चालकों के लिए सफर किसी परीक्षा से कम नहीं है। गड्ढों के कारण वाहनों के सस्पेंशन पर असर पड़ने के साथ यात्रियों को भी लगातार झटकों का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर सफर करते हुए ऐसा महसूस होता है मानो मुफ्त में 'डिस्को थेरेपी' दी जा रही हो।

बारिश के दौरान सड़क की स्थिति और खराब हो जाती है। गड्ढों में पानी भरने से वाहन चालकों को सड़क की वास्तविक स्थिति दिखाई नहीं देती। दोपहिया वाहन चालकों और ग्रामीणों के लिए यह स्थिति विशेष रूप से जोखिम भरी बताई जा रही है।

नागरिकों का तंज है कि शायद सड़क को जानबूझकर ऐसा रखा गया है, ताकि वाहन चालक तेज गति से न चलें। लेकिन सवाल यह है कि जनता की सुरक्षा के नाम पर खराब सड़क को कब तक नजरअंदाज किया जाएगा?स्थानीय नागरिकों का कहना है कि विकास कार्यों के उद्घाटन और घोषणाओं के बीच सड़क की वास्तविक स्थिति पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए। उनका व्यंग्य है—÷नेताजी आते हैं, फीता काटते हैं, चले जाते हैं... लेकिन गड्ढे वहीं रहकर मुस्कुराते हैं।÷

अब नागरिकों की मांग है कि भोपालपटनम-मट्टीमरका मार्ग का तत्काल निरीक्षण कर सड़क की मरम्मत एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को रोजाना की परेशानी और संभावित दुर्घटनाओं से राहत मिल सके। इस संबंध में कार्यपालन अभियंता रूपेन्द्र कुमार भुआर्य ने बताया कि पीएमजीएसवाई फेस 4 स्टेज 2 के तहत डामरीकरण सड़क निर्माण स्वीकृति हेतु सभी प्रक्रियाएँ पूर्ण कर डीपीआर बनाकर भेजा गया है। जिले के चारों ब्लॉक में प्रस्तावित सड़कों की अंतिम अनुमति राष्ट्रीय ग्रामीण अवसंरचना विकास एजेंसी कार्यालय नई दिल्ली से प्राप्त होता है। स्वीकृति उपरांत छत्तीसगढ़ ग्रामीण सड़क विकास अभिकरण रायपुर से टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद ही निर्माण कार्य प्रारंभ होगा। फरवरी मार्च 2027 तक स्वीकृति मिलने की संभावना है।

# बस्तर में विद्यमान है छत्तीसगढ़ का पहला वस्त्रधारी शिवलिंग

**■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**जगदलपुर, 18 अगस्त।** बस्तर की धरा अपने दामन में प्रचुर खनिज और वन संपदा ही नहीं, बल्कि वैभवशाली सांस्कृतिक विरासत भी समेटे हुए है। यह तो सर्व विदित तथ्य है कि भगवान श्रीरामचंद्र के पावन चरण बस्तर की धरा पर पड़े थे। यहां एक ऐसा अति प्राचीन शिवलिंग भी है, जो वस्त्रधारी है। यह छत्तीसगढ़ का पहला और इकलौता वस्त्रधारी शिवलिंग है। जगदलपुर शहर से 14 किलोमीटर दूर स्थित रामपाल गांव के मंदिर में भगवान शिव की 5वीं शताब्दी के दौरान भव्य मंदिर शिवलिंग ध्वस्त जमीन में मिला था। भगवान राम ने अपने 14 वर्ष के वनवास के दौरान 2 वर्ष दंडकारण्य यानि बस्तर के भूभाग में बिताए थे। वे यहां पर शिव आराधना और पूजा पाठ करने के साथ साथ कंद मूल खाकर समय व्यतीत करते थे। राम के आने के कारण ही गांव का नाम रामपाल रखा गया है। इस मंदिर की सबसे खास बात है कि पूरे छत्तीसगढ़ का यह पहला शिव मंदिर है, जहां शिवलिंग को वस्त्र पहनाया गया है।श्रद्धालुओं का कहना है कि इस शिवलिंग में भगवान शिव के साथ ही माता पार्वती भी विराजमान है, इसलिए इस मंदिर में शिवलिंग को कपड़ा पहनाया गया है।



रामपाल मंदिर के मुख्य पुजारी कैलाश ठाकुर ने बताया कि 5वीं शताब्दी में पूर्वजो को उस ध्वस्त पड़े मंदिर में शिवलिंग दिखाई दिया था। जिसके बाद गांव वालों ने इस बात की जानकारी अन्य माध्यमों से बावड़ी माता को दी। बावड़ी माता ने बताया कि ध्वस्त पड़े मंदिर के नीचे भगवान शिव की प्रतिमा हैं, जिसे निकालकर मेरे मंदिर के सामने द्वारपाल के रूप में स्थापित किया जाए। माता को बताने के बाद गांव वालों ने मंदिर की जमीन की खुदाई की तो वहां जमीन के अंदर गहराई तक धंसा शिवलिंग मिला। गांव वालों ने उस शिवलिंग को बाहर निकालने के लिए 32 फीट तक खुदाई की। लेकिन जमीन से लेकर पाताल तक जुड़े होने के कारण उसे बाहर नही निकाला जा सका। जिसके कारण उस शिवलिंग की वहीं स्थापना कर दी गई। जब यह शिवलिंग खुदाई में मिला था तब उसकी ऊंचाई सिर्फ18 इंच की थी। लेकिन वर्तमान में इस शिवलिंग की ऊंचाई 1 मीटर हो चुकी है। जन श्रुति है कि बावड़ी माता प्रति वर्ष भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव पर चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन खुद पूजा करने के लिए इस मंदिर में आती हैं। तब से इस परंपरा को निभाया जा रहा है। पुजारी के अनुसार मंदिर में सेवा पूजा उनसे पहले के 6 पीढ़ियां लगातार लगातार करती आई हैं। यह बात भी बताया गया है कि 14 वर्ष के वनवास के दौरान श्रीराम, माता सीता व लक्ष्मण जी यहां रुककर पूजा अर्चना करते थे, इसलिए इस मंदिर का नाम भी रामपाल रखा गया।

### बाणासुर था शिवजी का भक्त

बताया जाता है कि इस जंगल में बाणासुर नामक एक राक्षस का राज था। राक्षस बाणासुर खुद भी भगवान शिव का बहुत बड़ा भक्त था। लंबे समय तक इस जंगल में रहकर बाणासुर ने भगवान की तपस्या करते हुए उसकी आराधना भी की थी।

### लंदन की लेड़ी गवर्नर ने चढ़ाई थी घंटी

मंदिर की खुदाई के दौरान एक घंटी मंदिर परिसर में मिली थी। इस घंटी में सन 1806 अंकित है। पूर्वजों का मानना है कि लंदन की लेडी गवर्नर ने यहां आकर भगवान शिव की प्रतिमा को देखने के बाद यह घंटी को श्रद्धा भाव से चढ़ाई थी। मंदिर के मुख्य पुजारी के अनुसार इस मंदिर के निर्माण के लिए ईंटों का उपयोग किया गया था। ये इंटें पांचवी शताब्दी की हैं और आज भी दिखाई दे रही हैं। यहां दूर दूर से लोग भगवान के दर्शन करने के लिए आते हैं।

# शिक्षा मितान संघ ने सांसद से की वेतन वृद्धि और अतिथि शिक्षक में समायोजन की मांग



**■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**बीजापुर 18 अगस्त।** शिक्षा मितान संघ के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को सांसद महेश कश्यप से मुलाकात कर अपनी लंबित मांगों और समस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की। संघ के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने शिक्षा मितानों के मानदेय में वृद्धि, भविष्य की सुरक्षा तथा अतिथि शिक्षक के रूप में समायोजन सहित विभिन्न मांगें सांसद के समक्ष रखीं। बैठक में मानदेय वृद्धि की मांग प्रमुखता से उठाई गई। इस पर सांसद महोदय ने सकारात्मक रुख अपनाते हुए शिक्षा मितानों की वेतन वृद्धि के विषय को आगामी जिला खनिज न्यास की बैठक में प्रमुखता से रखने का आश्वासन दिया। वहीं, शिक्षा मितानों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए उन्हें अतिथि शिक्षक के रूप में समायोजित करने की मांग भी रखी गई। संघ के पदाधिकारियों के अनुसार, सांसद ने इस मांग को छत्तीसगढ़ सरकार के समक्ष प्रमुखता से रखने तथा शिक्षा मितानों के हित में आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया।

संघ ने बताया कि शिक्षा मितान लंबे समय से जिले की शिक्षा व्यवस्था में अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन कर रहे हैं और अपनी मांगों को लेकर लगातार प्रयासरत हैं। ऐसे में सांसद द्वारा उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुनकर समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल का आश्वासन दिए जाने से संघ में उम्मीद जगी है। बैठक के बाद शिक्षा मितान संघ ने सांसद के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से संगठन के सदस्यों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ है। संघ ने उम्मीद जताई कि आगामी दिनों में उनकी मांगों पर ठोस निर्णय होगा और शिक्षा मितानों के हित में सकारात्मक परिणाम सामने आएंगे। संघ ने कहा कि शिक्षा मितानों के सम्मानजनक मानदेय, अधिकारों और सुरक्षित भविष्य के लिए संगठन का संघर्ष एवं प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# पार्षद मुन्ना ताती के अथक प्रयासों से वर्षों पुरानी मांग पूरी

**■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**बीजापुर, 18 अगस्त।** नगर पालिका परिषद बीजापुर के वार्ड क्रमांक 07 शांतिनगर में घनश्याम यादव के घर से पुराना कांजी हाउस मार्ग होते हुए नगर पालिका पुराने क्वार्टर के बारहमासी सड़क तक लगभग 150 मीटर लंबी सीसी सड़क निर्माण कार्य का विधिवत भूमिपूजन किया गया। वर्षों से सड़क निर्माण की मांग कर रहे वार्डवासियों को अब राहत मिलने की उम्मीद है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिका परिषद बीजापुर की अध्यक्ष गीता सोम पुजारी के निर्देश तथा वार्ड पार्षद मुन्नालाल ताती के अथक प्रयासों से वार्डवासियों की वर्षों पुरानी मांग अब धरातल पर साकार हुई है। सड़क निर्माण कार्य का शुभारंभ पार्षद मुन्नालाल ताती के हाथों किया गया। सड़क निर्माण पूर्ण होने के बाद स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ ही क्षेत्र के विकास को भी गति मिलेगी।



भूमिपूजन के बाद वार्ड पार्षद मुन्नालाल ताती ने कहा कि वार्डवासियों की सुविधा और क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है। वार्ड की आवश्यकताओं और नागरिकों की मांगों को प्राथमिकता अनुसार पूरा कराने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मूलभूत सुविधाओं से जुड़े विकास कार्यों के लिए शासन-प्रशासन के समक्ष लगातार मांग रखी जा रही है और स्वीकृति मिलने के बाद वार्ड में विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शांतिनगर वार्ड में सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। वार्ड का समग्र विकास और जनता की सुविधा ही भाजपा का संकल्प है। भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान वार्ड क्रमांक 01 के पार्षद अरविंद पुजारी, वरिष्ठ बूथ सचिव भीमा माड़वी, अभिषेक, छन्नू हपका, मंगल गोटा, नगर पालिका के उप अभियंता, विकास ताटी सहित वार्ड के गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

### शौंडिक समाज के कावड़िये रवाना हुए शिवधाम की ओर

**जगदलपुर, 18 अगस्त। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर संभाग शौंडिक समाज द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रावण मास के तीसरे सोमवार 17 अगस्त को भव्य कांवड़ यात्रा निकाली जा रही है।कांवड़िए सुबह 9 बजे महादेव घाट से जल लेकर शहर के विभिन्न मार्ग होते हुए धरमपुरा कंगोली स्थित सिद्धेश्वर गणपति शिवालय में जलाभिषेक करने पहुंचे। महादेव घाट से कांवड़िये जल लेकर शहर के गुजरेगी, चिकलीकर चौक, स्टेट बैंक चौक, मेन रोड, गोलबाजार, दंतेश्वरी मंदिर, हनुमान मंदिर, संजय बाजार, कांग्रेस भवन, अनुपमा चौक, सांई मंदिर, एलआईसी कार्यालय होते हुए कंगोली स्थित शिवालय पहुंचे कांवड़ियों ने वहां शिवलिंग का जलाभिषेक कर भगवान महादेव का आशीर्वाद लिया। कांवड़ यात्रा में बस्तर संभाग सहित ओड़िशा से भी समाज के लोग शामिल हुए।

# स्वतंत्रता दिवस पर नैमेड में किया गया साइकिल प्रतियोगिता का आयोजन



- **स्वतंत्रता दिवस पर नीना रावतिया उद्दे ने कराया साइकिल प्रतियोगिता**

**■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**बीजापुर 18 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे के द्वारा अपने जिला पंचायत क्षेत्र नैमेड में ब्लॉक स्तरीय सद्भावना साइकिल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से पहुंचे 36 युवाओं ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

उल्लेखनीय है कि 10 किमी लंबी साइकिल रेस नैमेड बस स्टैंड से शुरू होकर मिंगाचाल तक पहुंची और वहां से वापस नैमेड लौटकर संपन्न हुई। प्रतियोगिता के दौरान युवाओं में जबरदस्त उत्साह और प्रतिस्पर्धा देखने को मिली।

### पाकलू कुड़ियाम ने लगातार दूसरी बार मारी बाजी

प्रतियोगिता में ग्राम पापनपाल के पाकलू कुड़ियाम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने लगातार दूसरी बार प्रतियोगिता का खिताब अपने नाम किया। प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उन्हें पुरस्कार स्वरूप साइकिल एवं ट्रॉफी प्रदान की गई।

वहीं ग्राम एरमनार के पोदीयो माड़वी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। ग्राम पापनपाल के राहुल राना तृतीय तथा केतनपाल के धनसिंह कोवासी चतुर्थ स्थान पर रहे। विजेताओं को नगद पुरस्कार एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

### खेलों से युवाओं में बढ़ता है आत्मविश्वास

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला पंचायत सदस्य नीना रावतिया उद्दे ने कहा कि खेल गतिविधियां युवाओं में अनुशासन, आत्मविश्वास और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना विकसित करती हैं। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित यह प्रतियोगिता युवाओं को खेलों से जोड़ने के साथ-साथ उन्हें नशामुक्त और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष कांग्रेस लालू राठौर, प्रवीण उद्दे, स्थानीय जनप्रतिनिधी, ग्राम पंचायत प्रतिनिधी, सामाजिक कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता और ग्रामीणजन मौजूद रहे। पूरे आयोजन के दौरान उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा।

### जेईई-नीट की तैयारी के लिए विद्यार्थियों को मिलेगी नि:शुल्क आवासीय कोचिंग

**कांकेर 18 अगस्त।** जिले के प्रतिभावान विद्यार्थियों को जेईई एवं नीट जैसी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अब बड़े शहरों की महंगी कोचिंग पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं में उन्हें सफलता दिलाने तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा ऊंची उड़ान जेईई एवं नीट की नि:शुल्क आवासीय कोचिंग योजना का शुभारंभ किया जा रहा है।

# नक्सलमुक्त बीजापुर में पहली बार 33 गांवों में फहराया गया तिरंगा



**■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

- **स्वतंत्रता दिवस पर गांव-गांव में किया गया ध्वजारोहण, बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साह से लिया हिस्सा**

**बीजापुर, 18 अगस्त।** जिले के लिए स्वतंत्रता दिवस ऐतिहासिक और गौरवपूर्ण अवसर बन गया। नक्सल हिंसा के प्रभाव से बाहर निकलकर शांति, विकास और लोकतंत्र की राह पर आगे बढ़ रहे जिले के 33 गांवों में पहली बार राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा शान से फहराया गया। इन गांवों में तिरंगे का आरोहण केवल स्वतंत्रता दिवस का आयोजन नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूत होती जड़ों, राष्ट्रीय एकता, शांति और विकास की नई शुरुआत का प्रतीक बना।

जिले के चारों विकासखंडों के इन गांवों में पहली बार तिरंगा फहराए जाने को लेकर ग्रामीणों में विशेष उत्साह और गर्व का वातावरण देखने को मिला। लंबे समय तक नक्सल हिंसा और भय के प्रभाव में रहे इन दूरस्थ क्षेत्रों में अब शासन की पहुंच, सुरक्षा, विकास कार्यों तथा लोकतांत्रिक गतिविधियों का विस्तार हो रहा है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज का सम्मानपूर्वक आरोहण इसी सकारात्मक बदलाव की तस्वीर प्रस्तुत करता है।

### बीजापुर विकासखंड के 6 गांवों में पहली बार फहराया तिरंगा

बीजापुर विकासखंड के लेण्ड्रा, अण्ड्री, एड्समेटा, पेद्दापाल, कचिलवार एवं मोसला गांवों में पहली बार स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित कर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में सहभागिता की और राष्ट्रगान के साथ देशभक्ति की भावना व्यक्त की।

### भैरमगढ़ के 15 गांवों में गूंजा राष्ट्रगान

भैरमगढ़ विकासखंड के बीराभट्टी, परकेली, पोनड़वाया, तुमीरगुण्डा, जारवा, गुण्डापुरी, आदवाड़ा, दामाराम, मुक्कावेली, झिल्ली, मार्रामेटा, एहकेली, पल्लेवाया, डोडूम एवं कड़मेर गांव पहली बार राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाने के ऐतिहासिक अवसर के साक्षी बने।

### भोपालपटनम के 7 गांवों में लहराया तिरंगा

भोपालपटनम विकासखंड के सेण्ड्रा, पालसेगुण्डी, नीलमड़गू, बंदेपारा, कोरंजेड़, कचलारम एवं मरीमल्ला गांवों में भी पहली बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया। गांवों में तिरंगे के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाए जाने से ग्रामीणों में खासा उत्साह देखने को मिला।

उसूर के 5 गांव भी बने ऐतिहासिक पल के साक्षी

इसी प्रकार उसूर विकासखंड के कस्तूरपाड़, चिन्नाउटलापल्ली, पेद्दाउटलापल्ली, एड़ापल्ली एवं बोटेलंका गांवों में भी पहली बार तिरंगा शान से लहराया। ध्वजारोहण के दौरान ग्रामीणों में राष्ट्रप्रेम और उत्साह का माहौल रहा।

### तिरंगा बना शांति, विकास और विश्वास का प्रतीक

इन गांवों में पहली बार राष्ट्रीय ध्वज का आरोहण शासन और ग्रामीणों के बीच बढ़ते विश्वास तथा क्षेत्र में स्थापित हो रही शांति का प्रतीक बना है। तिरंगे की छांव में ग्रामीण अब अपने बच्चों के बेहतर भविष्य, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और विकास की नई उम्मीदों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। दूरस्थ गांवों में शान से लहराता तिरंगा केवल स्वतंत्रता दिवस के उत्सव तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह बीजापुर में लोकतंत्र की मजबूत होती जड़ों, नक्सल हिंसा से बाहर निकलते क्षेत्रों, शांति की स्थापना और विकास की ओर बढ़ते कदमों का संदेश बनकर सामने आया।

# भाजपा ने रिस्क उठाया इसलिए आज फायदे में है

कोई भी क्षेत्र हो जो रिस्क उठाया है वह फायदे में रहता है और नुकसान में भी रहता है। रिस्क में दोनों तरह की संभावना रहती है, फायदे की भी और नुकसान की भी। जो फायदे क्या होगा सोचता है,वह रिस्क उठा लेता है और जो नुकसान की सोचता है, वह नुकसान को लेकर डर जाता है और रिस्क नहीं उठाता है।राजनीति के क्षेत्र में दो तरह के राजनीतिक दल है एक किसी व्यक्ति या उसके परिवार का बनाया हुआ राजनीतिक दल और दूसरा बहुत से लोगों के मिलकर बनाया गया राजनीतिक दल। एक को पारिवारिक दल कहा जाता है, परिवारवादी दल कहा जाता है और दूसरे को गैर परिवारवादी राजनीतिक दल कहा जाता है। परिवारवादी दल परिवार की संपत्ति की तरह होता है,यानी जो अध्यक्ष होता है,राजनीतिक दल उसकी संपत्ति की तरह होता है। इसलिए उसका प्रमुख हमेशा परिवार का ही कोई सदस्य होता है। या दिखावे के लिए किसी को अध्यक्ष बनाया जाता है तो वह नाम को चुना हुआ अध्यक्ष होता है, वह परिवार का वफादार होता है इसलिए उसे अध्यक्ष मनोनीत किया जाता है, यानी चुनाव होता भी है तो बता दिया जाता है कि परिवार की पसंद कौन है और परिवार की पसंद कौन नहीं है। ऐसे में चुना हुआ अध्यक्ष भी नाम को अध्यक्ष होता है सारे फैसले परिवार या परिवार का कोई सदस्य ही पर्दे के पीछे करता रहता है। परिवारवादी ऐसा कोई रिस्क नहीं लेना चाहता है कि पार्टी पर पार्टी का कोई नेता कब्जा कर ले।उनकी धारणा रहती है जब भी पार्टी जितेगी तो परिवार के नेता के कारण ही जितेगी। यानी वह मानते हैं कि चुनाव में जीत परिवार का ही कोई सदस्य दिला सकता है, भले वह लगातार चुनाव हारता रहे। लगातार चुनाव हारने के बाद भी परिवारवादी दल पार्टी में अध्यक्ष कम से कम नहीं बदलते हैं यानी परिवार का कोई सदस्य है तो वही बना रहता है। इसी वजह से परिवारवादी दल हारते रहते हैं लेकिन जीतने के लिए कोई रिस्क नहीं उठाना चाहते हैं।100 में 90 चुनाव हारने के बाद भी वह पार्टी की जीत के लिए कोई रिस्क नहीं उठाना चाहते हैं, उनमें डर रहता है कि परिवार के बिना पार्टी का अस्तित्व नहीं रहेगा। जब तक देश में केंद्र हो या राज्य हो, कोई गैरपरिवारवादी पार्टी नहीं थी तो परिवारवादियों का ही राज्य व केंद्र में शासन रहा है। इससे देश में धारणा बनी कि देश के लोग परिवारवादी पार्टियों को खूब पसंद करते हैं।यही वजह है कि 2014 तक देश हो या राज्य हो ज्यादातर समय परिवारवादी दलों का ही शासन रहा है।सवाल पसंद का नहीं था सवाल यह था कि परिवारवादी दलों का कोई विकल्प जनता के सामने नहीं था, जनता ने कई बार बदलाव की कोशिश की लेकिन कोई अच्छा विकल्प नहीं मिला और जब जनता को 2014 में विकल्प मिला तो उसे जनता ने केंद्र व राज्यों में भी बहुमत दिया और देश को बता दिया कि परिवारवादी दल उनकी पसंद नहीं है, कोई विकल्प नहीं होने पर मजबूरी में जनता को उन्हें चुनना पड़ता है। देश के ज्यादातर राज्यों में आज भाजपा है तो इसका मतलब यही है कि जब भी जनता को लगता है कि उसे परिवारवादी दल का विकल्प मिल गया है तो जनता राज्य में परिवारवादी दल की जगह गैरपरिवारवादी दल को सत्ता के लिए चुनती है। चाहे यूपी हो, चाहे बिहार हो, चाहे पं.बंगाल हो, चाहे ओडिशा हो,चाहे महाराष्ट्र हो। चाहे मप्र हो, राजस्थान हो, छत्तीसगढ़ हो। जनता का साफ संदेश है कि उसकी पहली पसंद गैरपरिवारवादी दल है. भाजपा गैरपरिवारवादी दल है, इसलिए वह केंद्र के बाद राज्यों में परिवारवादी दलों को हराकर सत्ता पर काबिज होती जा रही है। भाजपा का विकल्प कांग्रेस खुद को समझती है,वह सोचती है कि जब भी जनता भाजपा को नहीं चुनेगी तो उसे ही चुनेगी। इसलिए वह कोई रिस्क नहीं उठाती है जबकि भाजपा ने अपने स्थापित नेतृत्व को बदलने का जोखिम उठाया क्योंकि वह बहुमत वाली सरकार नहीं बना पा रहा था। इससे भाजपा को ऐसा नेता मिला है जो भाजपा को निरंतर सत्ता में बनाए रखने में सफल है। आडवानी की जगह नरेंद्र मोदी को सामने लाने का साहस भाजपा ने नहीं किया होता तो आज भाजपा उसी जगह पर होती जहां पर वह बीते कई दशकों से थी। भाजपा के साथ अच्छी बात यह है कि पार्टी तो बदलाव का फैसला करती है लेकिन पार्टी के अलावा आरएसएस के निर्णायक संगठन होने का फायदा यह होता है कि पार्टी जब कोई फैसला नहीं कर पाती है तो संघ फैसला करता है और उससे फायदा हुआ है। कांग्रेस के पास आरएसएस जैसा कोई दूसरा संगठन नहीं है यही वजह है कि वहां परिवार ही फैसला करता है और परिवार कोई रिस्क नहीं उठाना चाहता है, यही वजह है कि पार्टी चुनाव हारती रहती है और राहुल गांधी को बदलने का कोई फैसला पार्टी नहीं कर पाती है। यानी पार्टी को नुकसान हो रहा है तो होने दो, पार्टी के सारे फैसले परिवार ही करेंगा। पार्टी परिवार से बड़ी नहीं हो सकती, परिवार ही सबसे बड़ा रहेगा। सारे फैसले वही करेगा भले ही उससे राजनीतिक रूप से निरंतर नुकसान होता रहे। कांग्रेस बरसों हो गए टीना फैक्टर से मुक्त नहीं हो पाई है और भाजपा ने मुक्त होना चाहा और वह मुक्त हो गई। यही वजह है कि कांग्रेस के पास राहुल गांधी का कोई विकल्प नहीं है और भाजपा के पास मोदी के एक नहीं कई विकल्प हैं।

**विश्लेषण**

# तिरंगे ने लिखी बस्तर के बदलाव की नई इबारत

**अशोक कुमार साहू**



बस्तर की धरती ने लंबे समय तक हिंसा, भय और असुरक्षा का वह दौर देखा है, जिसकी पीड़ा को केवल आंकड़ों में नहीं समझा जा सकता। यहां बंदूकों की आवाज ने कई परिवारों से उनके अपने छीन लिए, विकास की राह को बाधित किया और लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति लोगों के विश्वास को चोट पहुंचाई। लेकिन समय हमेशा एक जैसा नहीं रहता। आज उसी बस्तर की तस्वीर बदलती दिखाई दे रही है। कभी जहां राष्ट्रीय पर्वों पर तिरंगा फहराना भी चुनौती माना जाता था, वहां अब गांव-गांव राष्ट्रीय ध्वज शान से लहरा रहा है। इसी बदलते बस्तर की तस्वीर को सामने लाने वाली 'बस्तर तिरंगा यात्रा-2026' केवल एक राजनीतिक या प्रशासनिक आयोजन नहीं, बल्कि भय से विश्वास और हिंसा से विकास की ओर बढ़ते एक बड़े सामाजिक परिवर्तन का संदेश बनकर सामने आई है। 12 अगस्त को नारायणपुर से शुरू हुई यह यात्रा तीन दिनों में करीब 600 किलोमीटर का सफर तय करते हुए बस्तर के पांच जिलों..नारायणपुर, कोंडागांव, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर..से होकर गुजरी और कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर तिरंगा फहराने के साथ पूरी हुई। उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा और वन मंत्री केदार कश्यप ने बाइक से यात्रा का नेतृत्व किया। यात्रा का मार्ग केवल भौगोलिक दूरी तय करने वाला रास्ता नहीं था; यह उन इलाकों से होकर गुजरा जिन्हें कभी नक्सल हिंसा के सबसे संवेदनशील क्षेत्रों के रूप में जाना जाता था। इस यात्रा का सबसे महत्वपूर्ण संदेश शायद यही है कि बस्तर में बदलाव को केवल सुरक्षा अभियान की सफलता के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। किसी भी क्षेत्र से हिंसा का अंत तभी स्थायी हो सकता है, जब वहां रहने वाले लोगों के मन से भय समाप्त हो, उन्हें अपने भविष्य पर भरोसा हो और उन्हें यह महसूस हो कि शासन उनके साथ खड़ा है। तिरंगा इसी विश्वास का प्रतीक बनकर उभरा है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि पहले राष्ट्रीय पर्वों पर माओवादियों के फरमान के कारण लोग अपने घरों पर काला झंडा लगाने के लिए मजबूर होते थे, जबकि आज अनेक घरों पर तिरंगा लहरा रहा है। उनके अनुसार बस्तरवासियों के मनोबल और सुरक्षा बलों के अदम्य साहस ने इस परिवर्तन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। तिरंगा यात्रा की सार्थकता इस बात में भी है कि उसने शहीदों की स्मृति को विकास के संकल्प के साथ जोड़ा। दंतेवाड़ा के श्यामगिरी में शहीदों को श्रद्धांजलि दी गई, शहीद परिवारों से मुलाकात की गई और उनकी स्मृति में पौधरोपण किया गया। एर्राबोर में नक्सल हिंसा में शहीद हुए 33 जवानों को श्रद्धांजलि दी गई। यात्रा के दौरान विभिन्न घटनास्थलों से शहादत की मिट्टी एकत्र करने की पहल भी की गई, जिसका उपयोग भविष्य में बनने वाले स्मारक में किए जाने की बात कही गई। यह जरूरी है, क्योंकि विकास का कोई भी नया अध्याय उन लोगों की स्मृति को भुलाकर नहीं लिखा जा सकता, जिन्होंने शांति की कीमत अपने जीवन से चुकाई है। बस्तर के बदलाव की दूसरी महत्वपूर्ण तस्वीर स्थानीय लोगों की भागीदारी में दिखाई देती है। कभी जिन क्षेत्रों में दिन के समय भी जाना कठिन माना जाता था, वहां तिरंगा यात्रा के स्वागत के लिए बच्चे, महिलाएं और ग्रामीण बड़ी संख्या में सामने आए। टेकलगुड़ेम, सिलगेर, ताड़मेटला, तर्रेम और जगरगुंडा जैसे दूरस्थ इलाकों में बारिश के बावजूद ग्रामीणों का यात्रा का स्वागत करने पहुंचना बताता है कि लोगों के भीतर परिस्थितियों के बदलने का विश्वास पैदा हुआ है। यह बदलाव किसी सरकारी घोषणा से अधिक महत्वपूर्ण है, क्योंकि किसी क्षेत्र में स्थायी शांति की असली कसौटी वहां के नागरिकों का भयमुक्त होकर सार्वजनिक जीवन में लौटना ही है। बस्तर में लोकतंत्र की जड़ें मजबूत होने का अर्थ केवल मतदान तक सीमित नहीं है। लोकतंत्र का वास्तविक अर्थ तब है, जब नागरिक बिना भय के अपने अधिकारों का इस्तेमाल कर सकें, अपनी बात कह सकें और अपने क्षेत्र के विकास की दिशा तय करने में भागीदार बनें। उपमुख्यमंत्री ने भी इसी संदर्भ में कहा कि बंदूक के बल पर कायम व्यवस्था जनता के अधिकारों की रक्षा



नहीं कर सकती और लोकतंत्र में वही व्यवस्था मान्य है जो जनता द्वारा चुनी गई और जनता के प्रति जवाबदेह हो। यह संदेश बस्तर के संदर्भ में इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां लंबे समय तक हिंसा ने लोकतांत्रिक संस्थाओं और सामान्य नागरिक जीवन को प्रभावित किया।

लेकिन नक्सलवाद के कमजोर पड़ने को ही अंतिम उपलब्धि मान लेना पर्याप्त नहीं होगा। असली चुनौती अब शुरू होती है। जिस बस्तर ने हिंसा की लंबी रात देखी है, उसे विकास की सुबह में स्थायी रूप से बदलना होगा। सड़क, बिजली, पानी, शिक्षा, स्वास्थ्य, इंटरनेट, रोजगार और कौशल विकास जैसी बुनियादी सुविधाओं को उन अंतिम गांवों तक पहुंचाना होगा जहां अब तक शासन की उपस्थिति सीमित रही है। गृह मंत्री ने बस्तर में सड़क, शिक्षा, कौशल विकास, लघु वनोपज के प्रसंस्करण और रोजगार के क्षेत्र में योजनाबद्ध काम करने की बात कही है। यह दिशा तभी सफल होगी जब योजनाएं कागज से निकलकर स्थानीय जरूरतों के अनुरूप जमीन पर दिखाई दें।

बस्तर के विकास का मॉडल बाहर से थोपा हुआ नहीं होना चाहिए। यह बस्तर की प्रकृति, संस्कृति, परंपरा और स्थानीय अर्थव्यवस्था को केंद्र में रखकर तैयार होना चाहिए। बस्तर के पास जल, जंगल, जमीन, लघु वनोपज और प्राकृतिक सौंदर्य की बड़ी संपदा है। आवश्यकता इस बात की है कि इन संसाधनों का संरक्षण करते हुए स्थानीय समुदायों को उनके आर्थिक लाभ में वास्तविक भागीदारी मिले। लघु वनोपज का स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण, वन आधारित रोजगार, पर्यटन, हस्तशिल्प और कौशल विकास जैसे क्षेत्र बस्तर के युवाओं के लिए नए अवसर पैदा कर सकते हैं. शिक्षा इस परिवर्तन की सबसे मजबूत नींव हो सकती है। जिस पीढ़ी ने हिंसा और भय देखा है, अगली पीढ़ी को आधुनिक शिक्षा, तकनीक और रोजगार के अवसर देने होंगे। सरकार की ओर से दूरस्थ क्षेत्रों में सुरक्षा कैंपों को 'शहीद वीर गुंडाधूर सेवा डेरा' के रूप में विकसित कर वहां स्कूल, अस्पताल, आंगनबाड़ी और कौशल विकास केंद्र जैसी सुविधाएं विकसित करने की बात इसी दिशा में एक प्रयास है। यदि ऐसे केंद्र स्थानीय संस्कृति और जरूरतों के अनुरूप विकसित किए जाते हैं, तो सुरक्षा की मौजूदगी धीरे-धीरे विकास और जनसेवा की स्थायी व्यवस्था में बदल सकती है। बस्तर की कहानी में सुरक्षा बलों के योगदान को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, आईईडी जैसे खतरों और लगातार जोखिम के बीच जवानों ने अपनी जिम्मेदारी निभाई है। राज्य गठन के 25 वर्षों में छत्तीसगढ़ पुलिस के 141 जवानों को वीरता एवं विशिष्ट सेवा से जुड़े पदक मिलना उनके साहस और कर्तव्यनिष्ठा का उल्लेखनीय प्रमाण बताया गया है। इसी तरह बड़ी संख्या में लोगों का हिंसा छोड़कर पुनर्वास का रास्ता चुनना भी इस बात का संकेत है कि बंदूक की विचारधारा के बजाय सामान्य जीवन और विकास की राह लोगों को अधिक स्वीकार्य लग रही है।

फिर भी इस परिवर्तन को लेकर आत्मसंतोष की कोई गुंजाइश नहीं है। शांति केवल सुरक्षा बलों की उपलब्धि नहीं, बल्कि समाज, प्रशासन और नागरिकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम होती है। बस्तर में दशकों से जमा अविश्वास को समाप्त करने के लिए संवेदनशील प्रशासन जरूरी है। स्थानीय लोगों की शिकायतों को सुना जाना चाहिए, विकास परियोजनाओं में पारदर्शिता होनी चाहिए और निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। विकास तभी लोगों का अपना विकास बनेगा, जब वे उसके लाभार्थी ही नहीं, बल्कि उसके सहभागी भी होंगे। बस्तर की नई यात्रा में स्मृति और भविष्य दोनों साथ-साथ चलने चाहिए। झीरम की विभीषिका में वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं, जनप्रतिनिधियों, सुरक्षा जवानों और नागरिकों ने अपने प्राण गंवाए। उन बलिदानों को याद रखना केवल श्रद्धांजलि का विषय नहीं, बल्कि यह संकल्प लेने का अवसर भी है कि ऐसी हिंसा दोबारा समाज को अपनी गिरफ्त में न ले। बस्तर के भविष्य को हिंसा की विरासत नहीं, लोकतंत्र की विरासत बनना चाहिए। 'बस्तर तिरंगा यात्रा' का सबसे बड़ा संदेश यही है कि किसी क्षेत्र को केवल सुरक्षा के जरिए नहीं, बल्कि विश्वास के जरिए जीता जा सकता है। तिरंगा यहां केवल राष्ट्रीय ध्वज नहीं, बल्कि नागरिक स्वतंत्रता, संविधान, लोकतंत्र और समान अवसर का प्रतीक बनकर सामने आया है। 93 ऐसे स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराए जाने का उल्लेख, जहां पहले राष्ट्रीय पर्व मनाना संभव नहीं था, बदलती परिस्थितियों की तस्वीर प्रस्तुत करता है। अब जरूरत इस बात की है कि कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर फहराया गया तिरंगा केवल एक ऐतिहासिक क्षण बनकर न रह जाए। वह बस्तर के प्रत्येक गांव के विकास, प्रत्येक बच्चे की शिक्षा, प्रत्येक युवा के रोजगार, प्रत्येक परिवार की सुरक्षा और प्रत्येक नागरिक के सम्मान का प्रतीक बने। बस्तर को मुख्यधारा में लाने का अर्थ उसकी पहचान मिटाना नहीं, बल्कि उसकी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान के साथ उसे आधुनिक विकास की धारा से जोड़ना है।

आज बस्तर के सामने एक नया अवसर है। हिंसा के लंबे दौर के बाद शांति की संभावना मजबूत हुई है। इस संभावना को स्थायी वास्तविकता में बदलने की जिम्मेदारी सरकार, सुरक्षा बलों, स्थानीय समाज, जनप्रतिनिधियों, युवाओं और नागरिक संगठनों, सभी की है। बस्तर को अब किसी दूसरे की कहानी का पात्र नहीं, बल्कि अपनी विकास गाथा का लेखक बनना होगा। तिरंगा यात्रा ने रास्ता दिखाया है; मंजिल अभी बाकी है। बंदूक की जगह किताब, भय की जगह विश्वास, बेरोजगारी की जगह अवसर और अलगाव की जगह लोकतांत्रिक भागीदारी—यही वह बस्तर होना चाहिए जिसकी कल्पना आज की इस यात्रा ने जगाई है। यदि विकास बस्तर की लय और वहां के लोगों की आकांक्षाओं के अनुरूप आगे बढ़ता है, तो कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर फहराया गया तिरंगा केवल विजय का प्रतीक नहीं रहेगा, बल्कि एक ऐसे नए युग की शुरुआत का संकेत बनेगा जिसमें बस्तर अपनी प्राकृतिक संपदा, सांस्कृतिक विरासत और मानवीय शक्ति के बल पर देश के विकास में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

**बदलाव**

# एमएसएमई को मजबूत करने के लिए सुधारों का अगला चरण

**सुश्री शोभा करंदलाजे***

1 संसद के दोनों सदन में हाल ही में पारित किया गया सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास संसोधन विधेयक, 2026 एक बहुत ही महत्वपूर्ण बदलाव है। एमएसएमई राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। पिछले कुछ वर्षों में, एमएसएमई क्षेत्र ने विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं। आज 'उद्यम पंजीकरण पोर्टल' पर 9 करोड़ से अधिक एमएसएमई पंजीकृत हैं, जो 40 करोड़ लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं। एमएसएमई हमारी आर्थिकी में 31% तथा निर्यात में 50% योगदान देते हैं। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में एमएसएमई क्षेत्र की प्रमुख भागीदारी है। एमएसएमई भारत के विकास के सूत्रधार हैं। हाल के वर्षों में एमएसएमई क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है जो 'उद्यम' पर पंजीकृत उद्यमों की संख्या से ही स्पष्ट दिखती है, जो 1 अप्रैल 2023 को 1 करोड़ 65 लाख से बढ़कर 9 करोड़ से अधिक हो गए हैं।

2. वर्ष 2020 में, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों के वर्गीकरण को, विनिर्माण और सेवा क्षेत्र के बीच के अंतर को समाप्त करके, अधिक व्यापक और समावेशी बनाया गया था। इसके तहत टर्नओवर और निवेश दोनों पर आधारित एक समग्र मानदंड विकसित किया गया। इसके पश्चात वर्ष 2025 में सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों की निवेश सीमा ढ़ाई गुना बढ़ाकर क्रमशः ढ़ाई करोड़, पच्चीस करोड़ और एक सौ पच्चीस करोड़ की गई है एवं टर्नओवर को दो गुना बढ़ाकर क्रमशः दस करोड़, सौ करोड़ और पांच सौ करोड़ किया गया, जिसने इन उद्यमों को पूंजी निवेश बढ़ाने, विकास और तकनीकी को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया।

3. वित्त की उपलब्धता एमएसएमई क्षेत्र के विकास का सबसे महत्वपूर्ण घटक है। मंत्रालय एमएसएमई क्षेत्र के लिए बैंक ऋण की उपलब्धता बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत रहा है और इसके उल्लेखनीय परिणाम दिख रहे हैं। एमएसएमई को प्रदान किया गया बकाया ऋण, वर्ष 2014-15 में 10 लाख करोड़ रुपये था, जो कि अब बढ़कर 38 लाख 35 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज' (सीजीटीएमएसई), सूक्ष्म एवं लघु उद्यमों को दिए जाने वाले ऋण पर गारंटी उपलब्ध कराता है। इसके ज़रिए वर्ष 2000 से 2022 के बीच, सूक्ष्म और लघु उद्यमों को दी गई क्रेडिट गारंटी 3 लाख 14 हजार करोड़ रुपये थी, जो पिछले चार वर्षों में अर्थात् 2022-23 से 2025-26 तक बढ़कर 10 लाख 43 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गई। प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के तहत, वित्त वर्ष 2014-15 से अब तक लगभग 8 लाख 34 हजार सूक्ष्म उद्यमों को 24 हजार 903 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी दी गई है, जिससे अनुमानित 75 लाख लोगों के लिए रोजगार के अवसर पैदा हुए हैं।

4. एमएसएमई मंत्रालय की सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए सार्वजनिक खरीद नीति 2012 के अंतर्गत केंद्रीय मंत्रालय/विभाग/केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) के लिए सूक्ष्म और लघु उद्यमों से सालाना 25% खरीद करना अनिवार्य है; इसमें महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाली सूक्ष्म और लघु उद्यमों से 3% और एससी/एसटी उद्यमियों के स्वामित्व वाले सूक्ष्म और लघु उद्यमों से 4% खरीद शामिल है। विगत वर्षों में सूक्ष्म और लघु उद्यमों से खरीद में लगातार वृद्धि हुई है। वित्तीय-वर्ष 2020-21 में, सूक्ष्म और लघु उद्यमों से सार्वजनिक खरीद का मूल्य 40,717 करोड़ रुपये था जो कि वित्तीय-वर्ष 2025-26 में बढ़कर 1,15,801 करोड़ रुपये हो गया है, जो सीपीएसई द्वारा खरीद के लिए लक्षित 25 प्रतिशत की तुलना में 49 प्रतिशत से अधिक है। इसमें एससी/एसटी उद्यमियों के स्वामित्व वाले उद्यमों से 3,984 करोड़ रुपये की खरीद हुई और महिला उद्यमियों के स्वामित्व वाली उद्यमों से 9,059 करोड़ रुपये की खरीद हुई है।

5. एमएसएमई को उनका भुगतान समय पर दिलाने हेतु मंत्रालय ने कई सार्थक प्रयास किए हैं, ट्रेड्स इनमें से एक है। यह भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) द्वारा विनियमित एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म है, जिसे भारत में एमएसएमई की लिक्विडिटी (नकदी) संबंधी चुनौतियों तथा कार्यशील पूंजी की आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से वर्ष 2017 में शुरु किया गया था। ट्रेड्स प्लेटफ़ॉर्म ने एमएसएमई क्षेत्र को मार्च 2026 तक 8,71,000 करोड़ रुपये की इनवॉइस डिसकाउंटिंग के माध्यम से समय पर भुगतान दिलवाया है। ट्रेड्स प्लेटफ़ॉर्म से जुड़े एमएसएमई की संख्या अप्रैल 2022 में 34,430 थी, जो मार्च 2026 तक बढ़कर 2,55,000 से अधिक हो गई है। वहीं, एमएसएमई की इनवॉइस डिसकाउंटिंग की राशि वर्ष 2021-22 में 40,000 करोड़ रुपये से बढ़कर, वित्त वर्ष 2025-26 में 3,47,000 करोड़ रुपये से अधिक हो गई है। ट्रेड्स पर इनवॉइस डिसकाउंटिंग का बढ़ता चलन, भारत सरकार के एमएसएमई के समयबद्ध भुगतान के प्रति संकल्प को दर्शाता है।

6. इसी दिशा में विलंबित भुगतान और उससे जुड़े विवादों के निपटारे हेतु पूरे देश में 161 सूक्ष्म और लघु उद्यम सुविधा परिषद (एमएसईएफसी) स्थापित किए गए हैं। संशोधन में राज्यों को एमएसईएफसी की संरचना तय करने के लिए सक्षम बनाने के लिये प्रावधान लाए गए हैं जिससे आवश्यकतानुसार एमएसईएफसी का गठन किया जा सके। संबंधित पक्षों में समझौते के साथ विवाद सामाधान के पर्याप्त उपाय किए गए हैं। यह संशोधन विधेयक ऑनलाइन विवाद समाधान (ओडीआर) को सक्षम एवं सशक्त बनाता है, ताकि संबंधित पक्षों द्वारा अपने विवादों का समयबद्ध और किफायती तरीके से हल सुनिश्चित किया जा सके।

7. एमएसएमई मंत्रालय महिला उद्यमियों के विकास को बढ़ावा देने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। मंत्रालय की अनेक योजनाओं में महिलाओं के लिए विशेष प्रावधान है। आज उद्यम पोर्टल पर 39% से अधिक एमएसएमई महिलाओं के स्वामित्व में हैं, यानि 3.38 करोड़ के लगभग एमएसएमई महिला स्वामित्व में हैं और जिनकी संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। क्रेडिट गारंटी योजना के तहत, महिलाओं के लिए 90% तक गारंटी कवरेज है और सालाना गारंटी फीस में 10% तक की छूट प्रदान की जाती है। खरीद और विपणन सहायता योजना के तहत ट्रेड फेयर में महिला उद्यमियों की भागीदारी पर 100% सब्सिडी दी जाती है, जबकि दूसरे उद्यमियों के लिए यह 80% है। पीएमईजीपी में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को 35 प्रतिशत व शहरी क्षेत्र की महिलाओं को 25 प्रतिशत की सब्सिडी देने का प्रावधान है। अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति का विकास, मंत्रालय की प्राथमिकता है। आज उद्यम पर 1.24 करोड़ से अधिक एमएसएमई, अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के उद्यमी के स्वामित्व में हैं। राष्ट्रीय अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति हब योजना, एमएसएमई मंत्रालय की एक केंद्रीय क्षेत्र की योजना है, जिसे 2016 में माननीय प्रधानमंत्री ने शुरू किया था। इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति के उद्यमियों की क्षमता बढ़ाना और उनके बीच "उद्यमिता संस्कृति" को बढ़ावा देना है।

8. मंत्रालय की इन निरंतर पहलों और प्रयासों को और सशक्त बनाने के लिए एमएसएमई विकास संशोधन विधेयक, 2026 पास किया गया है। इसका उद्देश्य है—एमएसएमई क्षेत्र की मौजूदा चुनौतियों का समाधान करना, प्रशासनिक ढांचे में सुधार करना, व्यापार करने में सुगमता (ईज ऑफ डूइंग बिजनेस) और नियमों का अनुपालन करने को बढ़ावा देना। इसके मुख्य घटक हैः

i. सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमो के निःशुल्क एवं स्वैच्छिक रजिस्ट्रेशन के लिए एक राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म को अधिसूचित करने की व्यवस्था करना। टर्नओवर और निवेश आधारित एमएसएमई वर्गीकरण को वैधानिक रूप देना।

ii. एमएसएमई की लिक्विडिटी (नकदी) से जुड़ी समस्याओं को हल करना। सभी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों (सीपीएसई) के लिए यह अनिवार्य किया गया है कि वे एमएसएमई से खरीद के लिए इनवॉइस का निपटान ट्रेड्स के ज़रिए करें। साथ ही, राज्य सरकारों को भी अपने सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के लिए इसी प्रकार के प्रावधान अपनाने हेतु सशक्त किया गया है;

iii. राज्य सरकारों को सूक्ष्म और लघु उद्यम सुविधा परिषद (एमएसईएफसी) की संरचना को युक्तिसंगत बनाकर और अधिक एमएसईएफसी की स्थापना करने की सुविधा प्रदान करना;

iv. सूक्ष्म और लघु उद्यमो के पेमेंट में देरी से जुड़े विवादों के तेज़ी से निपटारे के लिए समय-सीमा तय करना;

v. मध्यस्थता से हुए समझौते या आरबिट्रल अवॉर्ड की वसूली 'भूमि राजस्व के बकाया' के रूप में वसूलने की व्यवस्था करना;

vi. अगर डिक्री, अवॉर्ड या आदेश को रद्द करने का आवेदन छह महीने से अधिक समय से लंबित है, तो अदालतों को यह आदेश देने का अधिकार देना कि सूक्ष्म और लघु उद्यम सप्लायर्स को अवॉर्ड की गई राशि का कम से कम पचास प्रतिशत भुगतान किया जाए;

vii. कुछ प्रावधानों के उल्लंघन को अपराध की श्रेणी से हटाना (डिक्रिमिनलाइज़ करना) और दोषसिद्धि-आधारित जुर्माने की जगह अलग-अलग स्तर के दंड लागू करना, जिसमें पहली बार उल्लंघन पर चेतावनी देना भी शामिल है।

यह संशोधन हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श और संबंधित मुद्दों की सावधानीपूर्वक जांच के बाद किया गया है। समावेशी, टिकाऊ और रोज़गार-प्रधान आर्थिक विकास हासिल करने के लिए एक मज़बूत एमएसएमई सेक्टर ज़रूरी है। ये संशोधन 'विकसित भारत 2047' के विज़न के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप हैं। इस से उद्यमों के औपचारिकीकरण को बढ़ावा मिलेगा, उनके विस्तार का मार्ग प्रशस्त होगा और वे विकास के 'चैंपियन' बन सकेंगे।

**(लेखिका केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री हैं।)**

# बारिश में नगर में भव्य कांवड़ यात्रा निकालकर भक्तों ने किया 12 शिवलिंगों का जलाभिषेक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा,18 अगस्त।** बोल बम सेवा समिति के तत्वावधान में पवित्र सावन मास के तृतीय सोमवार एवं नागपंचमी के पावन अवसर पर छुरा नगर में भव्य कांवड़ यात्रा श्रद्धा, उत्साह और भक्तिमय वातावरण में संपन्न हुई। लगातार हो रही बारिश भी शिवभक्तों के कदम नहीं रोक सकी। श्रद्धालु पूरे जोश और उत्साह के साथ ÷बोल बम÷ एवं ÷हर-हर महादेव÷ के जयघोष लगाते हुए यात्रा में आगे बढ़ते रहे। उनकी अटूट आस्था और भक्ति से पूरा छुरा नगर शिवमय हो उठा।

बड़ी संख्या में शिवभक्त कांवड़ लेकर नगर भ्रमण पर निकले और नगर के प्रमुख 12 शिवलिंगों में जलाभिषेक किया। डीजे पर गूंजते शिवभक्ति गीतों और जयघोष से नगर की गलियां भक्तिमय हो गईं।

## कांवड़ यात्रा का शुभारंभ सुखेश्वर से

कांवड़ यात्रा का शुभारंभ सुखा नदी एनीकट किनारे स्थित सुखेश्वर महादेव में विधिवत पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक के साथ हुआ। इसके बाद कांवड़ियों का जत्था साखेश्वर महादेव (मामूलीपारा) पहुंचा, जहां पूजा-अर्चना के बाद श्रद्धालु आगे बढ़े। इसके पश्चात कांवड़ यात्रा संतोषेश्वर महादेव (संतोषीपारा), थानेश्वर महादेव (पुलिस थाना परिसर) होते हुए छुरेश्वर महादेव (रावणभाटा परिसर) पहुंची। इसके बाद श्रद्धालुओं ने नागेश्वर महादेव (शिक्षक कॉलोनी) में पूजा-अर्चना की।आगे कांवड़ियों का जत्था हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी स्थित त्रिलोकेश्वर महादेव पहुंचा, जहां भगवान शिव की पूजा-अर्चना की

कांवड़ यात्रा में स्कूली बच्चों ने भगवान महादेव एवं माता पार्वती का रूप धारण कर



आकर्षक धार्मिक झांकी प्रस्तुत की। बच्चों की सुंदर वेशभूषा और मनमोहक प्रस्तुति ने श्रद्धालुओं एवं नगरवासियों का मन मोह लिया।

कांवड़ यात्रा में नगर के जनप्रतिनिधियों, गणमान्य नागरिकों, व्यापारियों, महिला मंडलों, युवाओं, स्कूली बच्चों, मंदिरों के पुजारियों एवं महाराज सहित सभी वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। महिलाओं और युवाओं की भी बड़ी संख्या में मौजूदगी रही।कांवड़ यात्रा ने छुरा नगर की सामाजिक एकता, धार्मिक आस्था और आपसी सौहार्द का सुंदर संदेश दिया। लगातार बारिश के बावजूद शिवभक्तों का उत्साह देखते ही बना।

## नगरवासियों ने बढ़-चढ़कर किया सहयोग

यात्रा की सफलता में नगरवासियों का विशेष सहयोग रहा। श्रद्धालुओं के लिए जल, प्रसाद एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में लोगों ने स्वेच्छा से आगे आकर सहयोग किया। विभिन्न शिवालयों में श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी की गई।

## अध्यक्ष लुकेश्वरी थानसिंग निषाद भी हुईं शामिल

नगर पंचायत छुरा की अध्यक्ष श्रीमती लुकेश्वरी थानसिंग निषाद भी कांवड़ यात्रा में श्रद्धापूर्वक शामिल हुईं। उन्होंने शिवभक्तों के साथ कदम से कदम मिलाकर यात्रा में सहभागिता की तथा विभिन्न शिवालयों में पूजा-अर्चना एवं जलाभिषेक किया।उन्होंने कहा कि भगवान शिव की भक्ति, नगर की एकता एवं आपसी सौहार्द का यह आयोजन छुरा की धार्मिक एवं सांस्कृतिक पहचान को और मजबूत करता है। उन्होंने भगवान भोलेनाथ से छुरा नगर में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उनकी सहभागिता से शिवभक्तों में उत्साह और बढ़ गया।

## बोल बम सेवा समिति ने जताया आभार

कार्यक्रम की सफलता पर बोल बम सेवा समिति ने समस्त नगरवासियों, शिवभक्तों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों, महिला मंडलों, युवाओं, स्कूली बच्चों, मंदिरों के पुजारियों एवं प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी लोगों का हृदय से आभार व्यक्त किया।समिति ने कहा कि नगरवासियों की श्रद्धा, एकजुटता और सहयोग के कारण कांवड़ यात्रा भव्य एवं सफल रही। समिति ने भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना की कि छुरा नगर पर सदैव उनकी कृपा बनी रहे तथा नगर में सुख, शांति, समृद्धि एवं खुशहाली कायम रहे।

## एक नजर

### शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 21 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

**रायगढ़, 18 अगस्त।** शासकीय उचित मूल्य की दुकान पतरापाली, दुकान आईडी क्रमांक 412005008 के संचालन के लिए इच्छुक समूह एवं संस्थाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। छत्तीसगढ़ सार्वजनिक वितरण प्रणाली (नियंत्रण) 2016 की कंडिका 09 के तहत निर्धारित प्रारूप में आवेदन 21 अगस्त तक कार्यालयीन समय में प्रस्तुत किए जा सकते हैं।

उचित मूल्य दुकान के संचालन के लिए ग्राम पंचायत, महिला स्व-सहायता समूह, प्राथमिक कृषि साख समिति, अन्य सहकारी समिति, राज्य शासन द्वारा विनिर्दिष्ट उपक्रम तथा वन सुरक्षा समिति के आवेदन स्वीकार किए जाएंगे। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) खरसिया जिला-रायगढ़ से प्राप्त कर सकते है।

### आईटीआई खरसिया में प्रवेश के लिए सप्तम चरण की काउंसिलिंग शुरू

**रायगढ़, 18 अगस्त।** संचालनालय रोजगार एवं प्रशिक्षण, नवा रायपुर द्वारा आईटीआई में प्रवेश सत्र 2026-27 एवं 2026-28 के लिए सप्तम चरण की काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी कर दिया गया है। जारी काउंसिलिंग कार्यक्रम के अनुसार शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) खरसिया, जिला रायगढ़ में विभिन्न व्यवसायों की रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा।

आईटीआई खरसिया में फिटर, सेविंग टेक्नोलॉजी, वेल्डर एवं कोपा व्यवसायों में उपलब्ध रिक्त सीटों के लिए इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अभ्यर्थी 18 अगस्त की रात्रि 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन एवं पंजीयन की प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं। अभ्यर्थी विभागीय www.cgiti.admissions.nic.in पोर्टल पर जाकर स्वयं ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसके अलावा नजदीकी च्वाइस सेंटर के माध्यम से भी आवेदन की सुविधा उपलब्ध है। प्रवेश प्रक्रिया शासन द्वारा निर्धारित काउंसिलिंग कार्यचरण के अनुसार संपन्न की जाएगी। प्रवेश से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता अथवा जानकारी के लिए अभ्यर्थी शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था खरसिया में कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं। इसके साथ ही विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से भी मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है।

### राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के तहत चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित



**रायगढ़, 18 अगस्त।** कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत जनजागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय, रायगढ़ में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से विद्यार्थियों ने क्षय रोग (टीबी) की रोकथाम, समय पर जांच एवं उपचार तथा टीबी मुक्त समाज के निर्माण का संदेश अपनी चित्रकारी के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।प्रतियोगिता में कक्षा 12वीं जीव विज्ञान संकाय की छात्रा कु. भूमिका साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा 12वीं गणित संकाय के राहुल यादव ने द्वितीय तथा कक्षा 12वीं जीव विज्ञान संकाय की कु. मानसी टंडन ने तृतीय स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मक प्रतिभा के माध्यम से टीबी उन्मूलन के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के प्राचार्य डॉ. बी.आर. पटेल, डॉ. अहिल्या पंडा सहित विद्यालय के व्याख्याताओं एवं शिक्षकों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं विद्यार्थियों को जागरूकता गतिविधि से जोड़ने के लिए विद्यालय प्रबंधन एवं सभी सहयोगी शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। टीबी के लक्षण, बचाव, जांच और उपचार के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा टीबी मुक्त भारत के लक्ष्य की दिशा में जनभागीदारी को मजबूत करना है।

### जिले में 718 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़, 18 अगस्त।** रायगढ़ जिले में 17 अगस्त तक 718 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 21 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून 2026 से अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 845.1 मिली मीटर, पुसौर में 701, खरसिया में 606.9, घरघोड़ा में 542.0, तमनार में 979.4, लैलूंगा में 608.8, मुकडेगा में 547.5, धरमजयगढ़ में 473.6, छाल में 877.0 एवं कापू में 998.3 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# जबर हरेली रैली में शामिल हुए छक्रांसे छुरा खड़ के सेनानी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा,18 अगस्त।** छत्तीसगढ़िया संस्कृति और एकता का प्रतीक जबर हरेली रैली 16 अगस्त, दिन रविवार को भिलाई पॉवर हाउस से शुरू होकर भिलाई के रिसाली दशहरा मैदान में एक बड़े आयोजन के रूप में धूमधाम से संपन्न हुई। इस रैली का आयोजन छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के द्वारा किया गया था।

कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य झांकी रही। इनके साथ ही झांकी में अलग-अलग जन मुद्दों को उठाया गया था, साथ समाज के अन्य छत्तीसगढ़िया महापुरुषों के चित्र प्रदर्शित किए गए। पारंपरिक वेश में सजे बच्चे और महिलाएं झांकी में बैठकर लोगों का अभिवादन कर रहे थे। झांकी में आदिवासी कला और छत्तीसगढ़िया संस्कृति



की झलक भी देखने को मिली।

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के पदाधिकारियों ने बताया कि इस रैली का उद्देश्य छत्तीसगढ़िया अस्मिता को बचाना, छत्तीसगढ़िया समाज को एकजुट करना और छत्तीसगढ़िया तीज त्यौहार के महत्व को नई पीढ़ी तक पहुंचाना है। रैली के दौरान लोगों के हाथों में तिरंगा और संगठन के झंडे लहराते नजर आए। जगह-जगह लोगों ने ग्रुप फोटो लेकर इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई इस रैली में प्रशासन की सुरक्षा व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। हरेली के अवसर पर निकली इस भव्य और हजारों की भीड़ की रैली ने साबित कर दिया कि छत्तीसगढ़िया समाज आज भी अपनी माटी, बोली और संस्कृति से गहराई से जुड़ा हुआ है। रैली में छत्तीसगढ़ राज्य भर से छत्तीसगढ़िया सेनानी भाई, बहन, बच्चे और बुजुर्ग बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़िया समाज शामिल हुए। सभी ने पारंपरिक वेशभूषा धारण करके, छत्तीसगढ़िया गमछा के संग रैली में जोश भरा। छत्तीसगढ़ महतारी और बूढ़ा देव के जयकारों से पूरा भिलाई नगर गूंज उठा।जबर हरेली रैली के प्रदेश स्तरीय इस भव्य और शानदार आयोजन में छुरा खड़ से छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के सेनानी में प्रमुख रूप से खड़ उपाध्यक्ष भुनेश्वर कुमार, जिला मीडिया प्रभारी व खड़ महासचिव पुष्पराज साहु, संगठन मंत्री महेश्वर ठाकुर, जिला महासचिव तेज कुमार, अजय, योगेश, खेमराज, गौतम, महेश, मनीष, दादू, मोनू, मिनेश, चंद्रकांत, पप्पू, डिगेश्वर, धर्मराज, हेमलाल, कोमल, दिव्या नंद, दुर्गु, टकेश, धमेंद्र, शंकर, भरत, गोलू, गुलाब, गेशवर, अन्न कुमार, खुमेश्वर, कला राम, हेमन्त कुमार, सावन, रूपेश, डायमंड, जनक नेताम, पूरन, विजय, सालिक राम, कमलेश आदि सम्मिलित हुए।

# सांसद रूप कुमारी चौधरी को राष्ट्रीय महिला मोर्चा अध्यक्ष बनने पर बधाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 18 अगस्त।** महासमुंद लोकसभा सांसद एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रूप कुमारी चौधरी को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महिला मोर्चा की अध्यक्ष बनाए जाने पर छुरा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। कार्यकर्ताओं ने भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए सांसद रूप कुमारी चौधरी को नई जिम्मेदारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।



भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि राष्ट्रीय संगठन में छत्तीसगढ़ को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलना पूरे प्रदेश के लिए गौरव का विषय है। कार्यकर्ताओं के मुताबिक, भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ जैसे अपेक्षाकृत छोटे राज्य से दो नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी देकर प्रदेश की जनता और भाजपा कार्यकर्ताओं का सम्मान बढ़ाया है।

कार्यकर्ताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में हुआ था, जिससे प्रदेश की जनता की लंबे समय से चली आ रही मांग पूरी हुई। उन्होंने कहा कि भाजपा नेतृत्व ने समय-समय पर छत्तीसगढ़ के हितों को महत्व दिया है और अब राष्ट्रीय महिला मोर्चा की जिम्मेदारी रूप कुमारी चौधरी को देकर प्रदेश को एक और महत्वपूर्ण सम्मान दिया है।


भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि पार्टी जो संकल्प लेती है, उसे पूरा करने का प्रयास करती है। रूप कुमारी चौधरी को राष्ट्रीय स्तर पर जिम्मेदारी मिलने से छत्तीसगढ़ की महिला कार्यकर्ताओं में भी उत्साह बढ़ा है। उन्होंने विश्वास जताया कि सांसद चौधरी अपने अनुभव, संगठनात्मक क्षमता और सक्रिय कार्यशैली से राष्ट्रीय महिला मोर्चा को और मजबूत करेंगी।बधाई देने वाले में नरेंद्र तिवारी, संतोष जैन, यशवंत यादव,प्रकाश यादव, यामिनी चन्द्राकार, कुलेश्वर सिन्हा, उज्वल जैन,गोल्डन कुमार, पुनित राम, दिलीप बघेल, ईमरान मेमन, परस राम सिन्हा, परमेश्वर राजपूत, किशन सिन्हा, भूपेंद्र सिन्हा, अविनाश पाण्डेय,तेज राम ध्रुव, गोविन्द तिवारी, इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस की राजनीति लंबे समय से एक परिवार के इर्द-गिर्द केंद्रित रही है, जबकि भाजपा में सामान्य कार्यकर्ता भी अपनी मेहनत और संगठन के प्रति समर्पण के बल पर राष्ट्रीय स्तर तक पहुंच सकता है। उन्होंने कहा कि रूप कुमारी चौधरी को मिली जिम्मेदारी भाजपा की संगठनात्मक कार्यप्रणाली और कार्यकर्ताओं को अवसर देने की नीति का उदाहरण है।कार्यकर्ताओं ने राष्ट्रीय नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि रूप कुमारी चौधरी की नई जिम्मेदारी से छत्तीसगढ़ के भाजपा कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ा है।

# जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी लोगों की समस्याएं और दिए निराकरण के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 18 अगस्त।** जिला कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें अधिकारियों के समक्ष रखीं। कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जनदर्शन में ग्राम अमलीडीहा निवासी धनुर्जय चौहान ने सहायक उपकरण उपलब्ध कराने तथा उपचार के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। ग्राम बाकारूमा की जानकी ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत प्राप्त राशि से आवास निर्माण कार्य शीघ्र प्रारंभ कराने का आग्रह किया। विनोबा नगर वार्ड क्रमांक 25 के नागरिकों ने शासकीय नजूल भूमि एवं सड़क क्षेत्र को व्यवस्थित करने तथा आवागमन को सुगम बनाने के संबंध में आवेदन प्रस्तुत किया। छातामुड़ा निवासी किशन कुमार ने कृत्रिम पैर उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। वहीं खूंटाकूड़ा निवासी खुशबू राठिया ने पोस्ट मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास में प्रवेश दिलाने के लिए



आवेदन दिया।

गोवर्धनपुर रायगढ़ निवासी जयपाल जगबानी ने भूमि विक्रय के लिए आवश्यक बिक्री नकल शीघ्र उपलब्ध कराने की मांग रखी। ग्राम चिरईपानी के ग्रामीणों ने क्षेत्र के बड़े झाड़ के जंगल एवं धरसा रोड को व्यवस्थित कर आवागमन को सुगम बनाने की मांग की, जिससे ग्रामीणों को आने-जाने में सुविधा मिल सके। एडीएम श्री अपूर्व प्रियेश टोप्पो ने सभी आवेदनों पर संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक प्रकरण का परीक्षण कर पात्रता एवं नियमानुसार समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। इस अवसर पर संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## पार्षद संजना हियाल ने किया ध्वजारोहण

**रायपुर, 18 अगस्त।** 18 अगस्त। स्वतंत्रता दिवस पर उत्कल गौरव मधुसूदन दास चौक पर उत्कल विकास मंच के तत्वावधान में पार्षद व एमआईसी मेम्बर श्रीमती संजना हियाल ने कार्यक्रम का संचालन उत्कल विकास मंच के संयोजक संजय सोनी ने किया व आभार युवा संगठन अध्यक्ष सदाशिव सोनी ने किया। कार्यक्रम में आनंद ताण्डीया, संतोष हियाल, गोपाल बाग, राजाराम बाग, बलमत महानंद संजय सोनी, सदाशिव सोनी, किशोर महानंद, भगवानु नायक, बसंत बाग, पंकज जगत, शरद जाल, राजेंद्र प्रजापति, विशालस मोहन्ती खाजन छत्री, मुकेश ताण्डी, विनोद सोनी, संतोष सोनी, अंकन दास विभाग, महादेव नायक विनोद सोनी, देवराज महानंद आदि वरिष्ठ समाजसेवी उपस्थित थे।

# जिले में ई-नजूल व्यवस्था लागू, अब मोबाइल से कुछ मिनटों में होगा नजूल पट्टा नवीनीकरण का आवेदन

**रायगढ़, 18 अगस्त।** नजूल पट्टाधारकों को सुविधाजनक, पारदर्शी और समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में रायगढ़ जिला प्रशासन ने एक महत्वपूर्ण पहल की है। जिले में अब ई-नजूल व्यवस्था लागू कर दी गई है। नई व्यवस्था के माध्यम से नजूल पट्टा नवीनीकरण की प्रक्रिया को डिजिटल और सरल बनाया गया है। इससे नागरिक अपने मोबाइल फोन के माध्यम से घर बैठे नजूल पट्टा नवीनीकरण के लिए आवेदन कर सकेंगे।

नई व्यवस्था के तहत क्यूआर कोड स्कैन कर कुछ ही मिनटों में आवेदन की प्रक्रिया पूरी की जा सकेगी। इससे नजूल पट्टाधारकों को आवेदन जमा करने के लिए बार-बार संबंधित कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता कम होगी। डिजिटल प्रक्रिया के कारण आवेदन की कार्यवाही अधिक व्यवस्थित होने के साथ ही इसमें पारदर्शिता भी बढ़ेगी।

ई-नजूल व्यवस्था में नजूल पट्टा नवीनीकरण के प्रकरणों को अनावश्यक रूप से लंबित न रखने पर विशेष जोर दिया गया है। नजूल पट्टा नवीनीकरण की पूरी कार्यवाही 30 दिवस के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इससे नागरिकों को अपने प्रकरण के निराकरण के लिए लंबे समय तक इंतजार नहीं करना पड़ेगा और नजूल संबंधी सेवाओं की डिलीवरी भी अधिक प्रभावी ढंग से हो सकेगी। नई प्रणाली के तहत आवेदन प्रक्रिया से लेकर आवश्यक दस्तावेजों एवं संबंधित प्रतिवेदनों की कार्यवाही को सुव्यवस्थित किया जाएगा। इससे प्रकरणों की निगरानी आसान होगी और निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यवाही पूरी करने में मदद मिलेगी।

## एनओसी और आरआई प्रतिवेदन की प्रक्रिया भी होगी सुव्यवस्थित

नजूल पट्टा नवीनीकरण के दौरान आवश्यक नगर निगम/नगर निवेश की अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) तथा राजस्व निरीक्षक (आरआई) का प्रतिवेदन भी प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ई-नजूल व्यवस्था में इन आवश्यक कार्यवाहियों को भी अधिक सरल और व्यवस्थित तरीके से संपादित करने का प्रयास किया गया है। डिजिटल प्रणाली के माध्यम से आवेदन के विभिन्न चरणों को व्यवस्थित करने से संबंधित विभागों के बीच समन्वय बेहतर होगा तथा प्रकरणों के निराकरण में तेजी आएगी।

# स्वतंत्रता दिवस पर जिलेभर में दिया साक्षरता का संदेश उल्लास महा-चौपाल में संस्थाओं ने निभाई सहभागिता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 18 अगस्त।** स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर शिक्षा और साक्षरता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिलेभर में उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत उल्लास महा-चौपाल का आयोजन किया गया। राज्य स्तर से जारी निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर के निर्देशन में आयोजित इस विशेष कार्यक्रम में जिले के विभिन्न विकासखंडों में शैक्षणिक संस्थानों, विभागों, सामाजिक संस्थाओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय पर्व को साक्षरता, शिक्षा और जनजागरूकता से जोड़ते हुए आयोजित महा-चौपाल में नवसाक्षरों, स्वयंसेवी शिक्षकों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को शिक्षा के महत्व के प्रति जागरूक करते हुए नवसाक्षरों को सीखने की प्रक्रिया निरंतर जारी रखने के लिए प्रेरित किया गया।

## मशाल रैली से लेकर रंगोली तक, विविध गतिविधियों से दिया साक्षरता का संदेश



उल्लास महा-चौपाल के दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर अनेक जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। शैक्षणिक संस्थानों एवं सहभागी संस्थाओं द्वारा नारा लेखन, मशाल रैली, मोबाइल टॉर्च रैली, उल्लास शपथ, सेल्फी प्वाइंट, कहानी वाचन, रंगोली निर्माण तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन गतिविधियों के माध्यम से साक्षरता के महत्व को रोचक एवं प्रभावी तरीके से लोगों तक पहुंचाया गया। रैलियों और जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को यह संदेश दिया गया कि पढ़ना-लिखना केवल व्यक्तिगत विकास का माध्यम नहीं, बल्कि परिवार, समाज और राष्ट्र की प्रगति की मजबूत आधारशिला है।

## साक्षरता किसी एक विभाग की नहीं, पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी

उल्लास महा-चौपाल के आयोजन से जिलेभर में साक्षरता को लेकर उत्साहपूर्ण वातावरण निर्मित हुआ। विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों की व्यापक सहभागिता ने यह संदेश दिया कि साक्षरता केवल किसी एक विभाग का विषय नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में नवसाक्षरों को शिक्षा से निरंतर जुड़े रहने तथा अपने आसपास के लोगों को भी शिक्षा के प्रति प्रेरित करने का संदेश दिया गया। सामूहिक प्रयासों के माध्यम से जिले में साक्षर समाज के निर्माण की दिशा में निरंतर कार्य करने का संकल्प दोहराया गया।

स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित उल्लास महा-चौपाल ने 'उल्लास' को जन-जन तक पहुंचाने और साक्षरता को जन आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर आयोजित यह आयोजन शिक्षा के माध्यम से समाज को सशक्त बनाने और प्रत्येक व्यक्ति को ज्ञान की मुख्यधारा से जोड़ने के सामूहिक संकल्प का प्रतीक बना।

# बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत की पड़ोसी कूटनीति पर राष्ट्रीय सम्मेलन पर चर्चा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**छुरा, 18 अगस्त।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय, छुरा के तत्वाधान में कला एवं मानविकी विभाग द्वारा एवं इंडियन काउंसिल ऑफ़ वर्ल्ड अफेयर्स (ICW) द्वारा प्रायोजित ÷बदलते वैश्विक दौर में भारत के पड़ोसी देशों के साथ संबंधों की नई सोच विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का भव्य शुभारंभ हुआ। इसमें देश भर से शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, फैकल्टी सदस्यों और छात्रों ने हिस्सा लेकर व्यापक चर्चा की।

विश्वविद्यालय की संयुक्त कुलसचिव डॉ. रानी झा ने स्वागत उद्बोधन में सभी अतिथियों, शिक्षाविदों, वक्ताओं, शोधार्थियों एवं प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुए उन्होंने कहा कि शैक्षणिक सम्मेलन प्रख्यात विद्वानों को सुनने, स्थापित विचारों पर सवाल उठाने, अपने स्वयं के शोध को प्रस्तुत करने और रचनात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त करने का एक अनूठा अवसर प्रदान करते हैं। उन्होंने बतायी कि युवा शोधकर्ताओं को चर्चाओं में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए अग्रसर होना चाहिए । साथ ही प्रश्न पूछने, अपने विचार साझा करने और हमारे प्रतिष्ठित विशेषज्ञों से बातचीत करने में संकोच न करें। संयुक्त शोध, प्रकाशन, शैक्षणिक आदान-प्रदान, सहयोगी सम्मेलन और




संस्थागत साझेदारी विकसित करने की संभावना होना चाहिए।

इसके पश्चात विश्वविद्यालय के अकादमिक अधिष्ठाता एवं आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के निदेशक प्रो. (डॉ.) एन. कुमार स्वामी ने प्रतिभागियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि भारत की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक हितों तथा दक्षिण एशिया में बदलते शक्ति-संतुलन को समझने का अवसर मिलता है। कुलसचिव प्रो. (डॉ.) बी. पी. भोल ने अपने सम्बोधन में कहा कि अमेरिका-चीन प्रतिस्पर्धा, रूस-यूक्रेन संघर्ष, इंडो-पैसिफिक क्षेत्र का बढ़ता महत्व और वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं में बदलाव का प्रभाव भारत के पड़ोसी देशों पर भी पड़ रहा है। ऐसे समय में भारत के लिए ÷पड़ोसी प्रथम÷ नीति केवल कूटनीतिक पहल नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय विकास की महत्वपूर्ण रणनीति बन गई है। माननीय कुलपति प्रो. (डॉ.) आनंद महलवार ने अपने सम्बोधन में कहा कि मजबूत पड़ोसी संबंध ही भारत को एक प्रभावशाली और जिम्मेदार वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित करने में सहायक होंगे। तथा भारतीय वैश्विक परिषद की प्रतिनिधि डॉ. अन्वेषा घोष ने अपने उद्घाटन भाषण में सर्वप्रथम वि.वि. की प्राकृतिक सौन्दर्य का वर्णन किया। आगे उन्होंने कहा कि बदलती वैश्विक व्यवस्था में भारत की शक्ति केवल उसकी आर्थिक या सैन्य क्षमता से निर्धारित नहीं होगी, बल्कि इस बात से भी तय होगी कि वह अपने पड़ोस में कितनी स्थिरता, विश्वास और सहयोग का वातावरण बना पाता है। इसलिए भारत की पड़ोसी कूटनीति को ÷सुरक्षा से सहयोग और सहयोग से साझा विकास÷ की दिशा में आगे बढ़ाना समय की आवश्यकता है। यही एक मजबूत, शांतिपूर्ण और आत्मनिर्भर दक्षिण एशिया की आधारशिला बन सकता है। सम्मेलन के प्रथम मुख्य व्याख्यान में डॉ. सीमा मल्लिक ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र की बदलती भू-राजनीति और भारत की भूमिका÷ विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में बदलते शक्ति-संतुलन, समुद्री सुरक्षा, रणनीतिक साझेदारियों तथा भारत की बढ़ती भूमिका से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश डाला। सम्मेलन के द्वितीय मुख्य व्याख्यान में प्रो. आई. डी. तिवारी ने भारत के पड़ोसी संबंधों का आख्यान विमर्श, पहचान और क्षेत्रीय संबंधों की काव्यात्मकता विषय पर विचार रखे। इसमें भारत और उसके पड़ोसी देशों के संबंधों को केवल राजनीतिक अथवा रणनीतिक दृष्टिकोण से नहीं, बल्कि भाषा, साहित्य, संस्कृति, पहचान, इतिहास और सामाजिक स्मृतियों के माध्यम से समझने का प्रयास किया गया। सत्र के माध्यम से यह महत्वपूर्ण विचार सामने आया कि राष्ट्रों के बीच संबंध केवल सरकारों, संधियों और औपचारिक समझौतों से निर्मित नहीं होते। साझा इतिहास, साहित्य, संस्कृति, परंपराएं और लोगों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संपर्क भी पड़ोसी देशों के प्रति धारणाओं और संबंधों को गहराई से प्रभावित करते हैं।अगले व्याख्यान में डॉ. प्रमोद कुमार ने मध्य एशिया में भारत की सांस्कृतिक कूटनीति ¬ मुद्दे और चुनौतियां विषय पर अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। उन्होंने मध्य एशिया के साथ भारत के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों की पृष्ठभूमि में सांस्कृतिक कूटनीति के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान शिक्षा, संस्कृति, ऐतिहासिक संपर्क, कला, साहित्य और लोगों के बीच संवाद को भारत की अंतरराष्ट्रीय छवि तथा दीर्घकालीन संबंधों को मजबूत करने वाले महत्वपूर्ण माध्यमों के रूप में रेखांकित किया गया।

## एक नजर

### मुनाफाखोरी छोड़कर महंगाई नियंत्रित करे केंद्र सरकार: कन्हैया

**रायपुर, 18 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने केंद्र सरकार और उसकी विपणन एजेंसियों पर देश में दाल एवं दलहन की कीमतें बढ़ाने और मुनाफ़ाखोरी करने का सीधा आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि सरकारी एजेंसियों द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य तय करने और खरीद करने का मुख्य उद्देश्य बाजार में कीमतों को नियंत्रित रखना और किसानों व उपभोक्ताओं को राहत पहुंचाना होता है। प्रदेश महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने कहा कि इसके विपरीत केंद्र सरकार की एजेंसियां खुद महंगे दामों पर खाद्यान्न बेचकर देश में महंगाई भड़काने का काम कर रही हैं। कांग्रेस महामंत्री कन्हैया अग्रवाल ने बयान जारी कर कहा, लोकतांत्रिक व्यवस्था में सरकार का काम व्यापार करना या मुनाफ़ा कमाना नहीं होता, बल्कि आम जनता को राहत देना और बाजार में बढ़ती दरों को नियंत्रित करना होता है। महाराष्ट्र समेत देश के विभिन्न राज्यों में नाफेड ने किसानों से लगभग 5, 700 रुपए प्रति क्विंटल की दर से चना खरीदा और बिना किसी प्रोसेसिंग के उसी कच्चे चने को खुले बाजार/ऑक्शन में 6, 400 रुपए से अधिक के भाव पर बेचा जा रहा है। जब सरकारी संस्थाएं ही मुनाफ़ा कमाने के लिए महंगे दामों पर माल बेचेंगी, तो निश्चित रूप से देश में खाद्यान्न की महंगाई दरें बेकाबू होंगी।

### अमेजन में दोबारा बचत करने का एक और मौका

**रायपुर, 18 अगस्त।** अमेज़न डाट इन ने मेगा डील डेज़ की घोषणा की है, जो ग्राहकों के लिए स्मार्टफ़ोन, उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स, बड़े घरेलू उपकरणों, होम एंटरटेनमेंट, घर, रसोई, खेल, फ़िटनेस, रोज़मर्रा की ज़रूरतों और अन्य श्रेणियों में उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला पर शानदार डील्स और बचत लेकर आया है। ग्राहक वनप्लस, बोट, वोल्टास, सैमसंग, एक्वागार्ड, हिमालया समेत अन्य प्रमुख ब्रांडों पर सीमित समय के लिए उपलब्ध डील्स का लाभ उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक, इंडसइंड बैंक और एक्सिस बैंक के कार्ड से किए गए लेनदेन पर 10% की तत्काल छूट और चुनिंदा क्रेडिट एवं डेबिट कार्ड पर बिना ब्याज की समान मासिक किस्तों का लाभ उठा सकते हैं। प्राइम सदस्य दो लाख से अधिक उत्पादों पर अतिरिक्त 5त्न की छूट के साथ और अधिक बचत कर सकते हैं। ग्राहक अमेज़न नाउ पर कुछ ही मिनटों में डिलीवरी के साथ डील्स का लाभ उठा सकते हैं। अमेज़न नाउ कई शहरों में रोज़मर्रा की ज़रूरतों से जुड़े दसियों हज़ार उत्पाद उपलब्ध कराता है।

## झूलेलाल चौक पर ध्वजारोहण

**रायपुर, 18 अगस्त।** झूलेलाल चौक नहरपारा में नगर निगम के सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने झंडा फहराया, इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झूलेलाल चौक सौन्दर्यीकरण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा गया है यदि वह प्रस्ताव मंजूर नहीं हुआ तो वह और इंदिरा गांधी वार्ड के पार्षद अवतार बगल अपनी पार्षद निधि से सौंदर्यीकरण कराएंगे, पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने नहरपारा के डामरीकरण के लिए सभापति व पार्षद को धन्यवाद दिया, उनको कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को वे पत्र लिखते हैं तो आठ दिनों में जवाब आ जाता है ऐसी व्यवस्था जोन दो में की जाए, सभा को पूर्व पार्षद सुरेंद्र छाबडा, रज्जन श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया, इस अवसर पर भावेश पिथलिया, मुखी हरनाम तलरेजा, अमर वलेचा, नत्थू धनवानी, नंदलाल छाबडा, आसनदास पिदवानी, नंदलाल खिलनानी, अनिल गंगवानी, महेश आहूजा, दरयानामल, जयराम बठेजा, विजय मथानी, हेमनदास पोपटानी, राजू खिलनानी, मनोज पंजवानी, वजीर मोटवानी, मनीष टांक आदि उपस्थित थे।



## प्रदेश की बदहाल शिक्षा व्यवस्था से बच्चे परेशान : दीपक बैज

**रायपुर, 18 अगस्त।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने पत्रकारो से चर्चा करते हुये कहा कि प्रदेश की बदहाल शिक्षा व्यवस्था से बच्चे परेशान है। प्रदेश के स्कूलों में शिक्षक नहीं होने के कारण भवन नहीं होने के कारण पढ़ाई प्रभावित हो रही है। बच्चे शिक्षकों की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन करने को मजबूर है। धमतरी के बारना स्कूल में पांच विषय के शिक्षक नहीं होने के कारण छात्राओं ने स्कूल में ताला लगा कर आंदोलन कर रही है। बालोद के झिरिया टोला में भी बच्चे शिक्षक की मांग को लेकर प्रदर्शन कर चुके है। धमधा में स्कूल भवन की मांग को ले कर बच्चे विरोध कर रहे। पूरे प्रदेश में स्कूलों में किताबें और शिक्षक की कमी से पढ़ाई प्रभावित हो रही है।



**प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था अब असहनीय हो गई है:** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था अब असहनीय हो गई है। राजधानी में महिला की रास्ते में रोक कर हत्या कर दी गई उसके बाद उसके शव के साथ दुष्कर्म हो गया। कुछ पहले एक महिला के साथ एक दिन में दो बार गैंगरैप हो गया। राजनांदगांव के चिखली में एक व्यक्ति की घर में घुस कर हत्या हो गई। रायपुर में कमिश्नरी सिस्टम पूरी तरह फेल हो गया है। प्रदेश में हर दिन 6 हत्या, 8 बलात्कार की घटना हो रही है। मुख्यमंत्री और गृह मंत्री को फोटोसेशन से फुर्सत नहीं है। आम आदमी की सुरक्षा की किसी को चिंता नहीं।

## सीएम ने किया केयर कैंसर इंस्टीट्यूट का उद्घाटन



**रायपुर, 18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ में कैंसर के मरीजों को बेहतर और अत्याधुनिक उपचार उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स, रायपुर में केयर कैंसर इंस्टिट्यूट का उद्घाटन किया। इस अत्याधुनिक कैंसर संस्थान के शुरू होने से प्रदेश के मरीजों को कैंसर की जांच, सटीक निदान, सर्जरी, कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी और अन्य जरूरी उपचार एक ही स्थान पर मिल सकेंगे। उद्घाटन समारोह में छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह; नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत; स्वास्थ्य, परिवार कल्याण एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल; रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स के मेडिकल एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे; एस्टर डीएम क्वालिटी केयर लिमिटेड के सीईओह्लइंडिया द्धद्ध डॉ. पवन कुमार; रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल्स के डायरेक्टर महादेवन नारायणमोनी; ग्रुप मेडिकल डायरेक्टर प्रो. डॉ. सोमशेखर एस.पी.; रीजनल सीईओ हरीश त्रिवेदी और प्रेसिडेंटह्लसेल्स एवं मार्केटिंग शलभ डांग सहित वरिष्ठ डॉक्टर, अस्पताल प्रबंधन, स्वास्थ्यकर्मी और अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे। छत्तीसगढ़ में कैंसर के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। प्रदेश में हर दिन करीब 100 नए कैंसर के मामले सामने आने का अनुमान है। वर्ष 2025 में करीब 31, 553 कैंसर के मामले अनुमानित थे, जबकि 2024 में यह संख्या 30,763 थी।

### निधन

### व्यास नारायण शर्मा

**रायपुर, 18 अगस्त।** बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा के पूज्य पिता व्यास नारायण शर्मा का 16 अगस्त को निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे निरंजना शर्मा के पति एवं शुभांक शर्मा के पिता थे। उनकी अंतिम संस्कार 17 अगस्त महासमुंद मुक्तिधाम में किया गया। बीज विकास निगम के अध्यक्ष चंद्रहास चंद्राकर, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, पूर्व विधायक डॉ. विमल चोपड़ा, पूर्व विधायक पूनम चंद्राकर, भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू सहित अन्य शहर की गणमान्य नागरिकों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।



## विकसित भारत का निर्माण नई पीढ़ी के लिए हो रहा : बजाज



**रायपुर, 18 अगस्त।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय मंत्री एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल अभनपुर में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान एवं शान है, इसकी रक्षा व सम्मान करना प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि अमर शहीदों के बलिदान की बदौलत ही देश को आज़ादी मिली है, इस आज़ादी को अक्षुण्ण रखना हम सब की जिम्मेदारी हैं। हमें संयमित व अनुशासित होकर देश की एकता और अखंडता को कायम रखना है।

## सरगुजा-बस्तर में डेयरी विकास की नई पहल



**रायपुर, 18 अगस्त।** छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव विकासशील की अध्यक्षता में आज मंत्रालय महानदी भवन में राज्य सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (सीजीसीडीएफ) की राज्य स्तरीय संचालन समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रदेश में डेयरी क्षेत्र का समग्र विकास, दुग्ध उत्पादकों की आय में वृद्धि, महिला दुग्ध उत्पादकों की भागीदारी बढ़ाना और दुग्ध संग्रहण व विपणन अधोसंरचना को मजबूती प्रदान करना रहा। बस्तर संभाग के सात जिलों में बड़ी संख्या में ग्रामीण व अनुसूचित जनजाति परिवार पशुपालन से जुड़े हैं। क्षेत्र में लगभग 88ः गायें स्थानीय नस्ल की हैं। दुग्ध उत्पादकता बढ़ाने के लिए पशु पोषण, पशु स्वास्थ्य, नस्ल सुधार और वैज्ञानिक प्रबंधन पर जोर दिया जा रहा है। एनडीडीबी के सहयोग से जून 2025 से सरगुजा संभाग के जशपुर (2 हजार लीटर क्षमता) और बलरामपुर (5 हजार लीटर क्षमता) में चिलिंग सेंटर शुरू किए गए हैं। वर्तमान में 45 मिल्क कलेक्शन सेंटर्स के माध्यम से रोजाना लगभग 3, 500 लीटर दूध एकत्र किया जा रहा है, जिससे 1500 से अधिक महिला उत्पादक जुड़ी हैं।

## मां गोदावरी आनंदवन आश्रम में ध्वजारोहण



**रायपुर, 18 अगस्त।** ग्राम गोमची स्थित माँ गोदावरी आनंदवन आश्रम में स्वतंत्रता दिवस का पर्व पूरे उत्साह, उमंग और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। आश्रम ट्रस्ट के योगेश तिवारी के मार्गदर्शन में आयोजित कार्यक्रम में आश्रम परिवार के सभी सदस्यों ने एक साथ शामिल होकर राष्ट्रीय पर्व को गरिमापूर्ण एवं आत्मीय वातावरण में मनाया। कार्यक्रम की सबसे खास बात यह रही कि आश्रम के सबसे बुजुर्ग पिता के हाथों राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। जैसे ही तिरंगा आसमान में लहराया, पूरा वातावरण राष्ट्रप्रेम और गौरव की भावना से भर गया। उपस्थित सभी लोगों ने तिरंगे को सलामी दी और देश की स्वतंत्रता के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर शहीदों एवं स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

## जिला पंचायत में शान से लहराया तिरंगा

**रायपुर, 18 अगस्त।** देश के 80, वें स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जिला पंचायत बेमेतरा परिसर में गरिमामय एवं राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत वातावरण में स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया। ध्वजारोहण के पश्चात उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्रगान गाकर राष्ट्र के प्रति अपनी श्रद्धा एवं सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष कल्पना योगेश तिवारी ने सभी साथियों, अधिकारियों-कर्मचारियों एवं उपस्थितजनों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस प्रत्येक भारतीय के लिए गौरव और सम्मान का पर्व है।



## बालाजी गार्डन सोसायटी में झंडावंदन



**रायपुर, 18 अगस्त।** पूर्व पार्षद रमेश आहूजा ने बालाजी गार्डन सोसायटी फाफाडीह में झंडा वंदन किया इसके बाद राष्ट्रगान हुआ, इस अवसर पर रामावतार डोलावत, पुरषोत्तम पटेल, दिलीप अग्रवाल, दिनेश शर्मा, पठानिया, अतुल खन्ना, अजय जैन, दिनेश गावंडे, नीलेश पटेल, उदित सरलिया, इस्कॉन जैन आदि उपस्थित थे।

समस्त प्रदेशवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ग्राम पंचायत शामतरा
जनपद पंचायत -नरहरपुर जिला कांकेर
श्रीमती मंजू नेताम — सरपंच
श्री छबीलाल मरकाम — उपसरपंच
बलिराम भास्कर — सचिव
पंचगण-श्री नंद कुमार प्रधान, श्री राजकुमार प्रधान, श्री असम लाल नेताम, श्री दशरथ मरकाम, श्री मनसुख कश्यप, श्रीमती लक्ष्मी साहू, श्रीमती ममता पटेल, श्रीमती जैनो मरकाम, श्रीमती सुशीला नेताम, श्रीमती कुंती नेताम, श्रीमती खिलेश्वरी पटेल

समस्त नगर एवं क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं...
ग्राम पंचायत देवगांव
विकासखंड- नरहरपुर
निर्मला शोरी — सरपंच
संतोष मंडावी — उपसरपंच
ललित पटेल — सचिव
समस्त वार्ड पंच, ग्राम पंचायत देवगांव, जनपद पंचायत नरहरपुर, जिला- उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)

समस्त देशवासियों को आजादी के महापर्व
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं



15TH AUGUST
महिन्द्रा स्पंज एंड पावर प्रा. लिमिटेड
ग्राम परसदा तिल्दा नेवरा जिला रायपूर

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26